राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 16
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 16 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 प्राधिकरण ने 9 सालों में एयरपोर्ट को दिए 4822 करोड़
पेज 4 गन्ने के खेत में मिली लाश की गुत्थी सुलझी, हत्या का केस दर्ज
पेज 6 खराब फार्म की बात से सूर्यकुमार ने इंकार किया, बोले जब जरुरत

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान में 2.90 लाख के नकली नोट बरामद, सहारनपुर से जुड़े तार

जयपुर। राजस्थान पुलिस ने दो बदमाशों के कब्जे से दो लाख 90 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए हैं। बदमाशों ने यह नोट उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से लेकर आने की बात कही है। आरोपितों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में नकली नोट तैयार करने का काम किया जा रहा है। दोनों बदमाश राजस्थान में इन नोटों को खपाना चाहते थे। जयपुर के विशेष पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने बताया कि आरोपितों में एक झालावाड़ निवासी गोविंद चौधरी और दूसरा जयपुर निवासी देवांश फांडा है। गोविंद के कब्जे से एक लाख 90 हजार और देवांश के पास एक लाख रुपये के नकली नोट बरामद किए गए।

### बॉम्बे हाई कोर्ट परिसर के बाहर शख्स ने खुद को लगाई आग

**मुम्बई।** बॉम्बे हाई कोर्ट के बाहर सोमवार को एक व्यक्ति ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों और कुछ राहगीरों ने तुरंत हस्तक्षेप कर आग बुझाई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि प्रकाश सावंत नामक व्यक्ति को दक्षिण मुंबई के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह 50 प्रतिशत तक जल गया है। सिंधुदुर्ग जिले के निवासी सावंत और एक वकील के बीच अदालत में मामला दर्ज करने को लेकर हुए विवाद के कारण यह घटना घटी।

## गोवा अग्निकांड : लूथरा ब्रदर्स आज भारत लाए जाएंगे

▸ दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में पेश होगी; 11 दिसंबर को थाईलैंड में पकड़े गए थे

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन' आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा आज भारत लाए जाएंगे। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसंबर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। भारत आने पर सेंट्रल एजेंसी के अधिकारी दोनों आरोपियों को दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ले जाएंगे।

जहां से गोवा पुलिस उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर लेगी। बर्च नाइट क्लब में 6 दिसंबर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई भारत छोड़कर थाईलैंड फरार हो गए थे। थाई पुलिस ने दोनों को फुकेट में एक होटल के कमरे से हिरासत में लिया। दोनों पर गैर-इरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज किया गया है।

## जनगणना में प्रति व्यक्ति 82 रुपए खर्च आएगा

2011 के मुकाबले पांच गुना ज्यादा राशि, 2021 में 64 रुपए प्रति व्यक्ति बजट था तय

**नई दिल्ली।** भारत में 2026-27 में होने वाली जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी और इसमें प्रति व्यक्ति खर्च 82 रुपए तक पहुंच जाएगा। 2011 में यह खर्च सिर्फ 18 रुपए था, जबकि 2021 की टली हुई जनगणना के लिए 64 रुपए प्रति व्यक्ति का बजट तय किया गया था।

केंद्र सरकार ने 2027 की जनगणना के लिए 11,718.24 करोड़ रुपए के खर्च को मंजूरी दी है। यह जनगणना दो चरणों में होगी-पहले 2026 में मकानों की सूची और हाउसिंग जनगणना की जाएगी, फिर 2027 की शुरुआत में जनसंख्या की गिनती होगी। 2021 की जनगणना के लिए 8,754.23 करोड़ रुपए का बजट तय हुआ था। हालांकि, यह कोरोना के कारण टल गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 के बाद से महंगाई में करीब 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि जनगणना का कुल खर्च 28 प्रतिशत बढ़ा है। 2021 में जातिगत



आंकड़े शामिल नहीं थे।

### जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2 दिसंबर को लोकसभा को बताया कि जनगणना 2027 की प्रक्रिया दो स्टेज में होगी, जिसकी शुरुआत 2026 में घरों की लिस्टिंग और घरों का डेटा इकट्ठा करने से होगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक सवाल के लिखित जवाब में विवरण देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि पहले चरण में आवास गणना और दूसरे चरण में आबादी की गणना की जाएगी।

पहला फेज अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच 30 दिन में पूरा होगा। इसके लिए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश टाइमलाइन तय करेंगे। दूसरा फेज जिसमें आबादी की गिनती होगी, वह फरवरी 2027 में होगा। जनगणना 2027 की टाइमलाइन पिछली जनगणनाओं में अपनाए गए तरीकों की तरह ही रखी गई है। मंत्रालय के मुताबिक 1 मार्च 2027 को रात 12 बजे पूरे देश में गिनती के लिए रेफरेंस डेट होगी।

हालांकि लद्दाख और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले इलाकों के लिए, आबादी की गिनती सितंबर 2026 में की जाएगी। 1 अक्टूबर 2026 को रेफरेंस डेट माना जाएगा।

## दिल्ली गैस चैम्बर बनी

228 फ्लाइट कैंसिल, एक्यूआई 500 तक, इससे ज्यादा आंकड़े दर्ज नहीं होते

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में सोमवार को जहरीले स्मॉग की परत छाई रही। एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली के 40 में से 27 निगरानी केंद्रों पर हवा 'गंभीर' दर्ज की गई। वजीरपुर में एक्यूआई 500 तक पहुंच गया, जो अधिकतम सीमा है। सीपीसीबी के मुताबिक 500 से ऊपर एक्यूआई दर्ज नहीं किया जाता।



घनी धुंध के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित रहा।

सोमवार को दिल्ली एयरपोर्ट से कई एयरलाइंस ने 228 फ्लाइट्स कैंसिल कर दीं और 5 को दूसरे एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया। 250 देरी से चलीं।

भारत आए अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनल मेसी खराब मौसम के चलते पीएम नरेंद्र मोदी से नहीं मिल सके। मेसी की मुंबई से दिल्ली आने वाली चार्टर्ड फ्लाइट ने कोहरे की वजह से देरी से उड़ान भरी।

वहीं, पीएम एक घंटे की देरी से तीन देशों की यात्रा पर रवाना हुए। मेसी की पीएम मोदी से सुबह के वक्त मुलाकात तय थी।

इस बीच प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली सरकार ने स्कूलों में कक्षा पांचवीं तक क्लासेस केवल ऑनलाइन लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने वकीलों और पक्षकारों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हाइब्रिड मोड के जरिए पेश होने की सलाह दी है। सुप्रीम कोर्ट दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से जुड़ी याचिका पर 17 दिसंबर को सुनवाई करेगा।

## मनरेगा स्कीम की जगह लेगा 'विकसित भारत-जी राम जी'

मोदी सरकार नया बिल ला रही; प्रियंका बोलीं- महात्मा गांधी का नाम क्यों हटा रहे

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने जा रही है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।

बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच सर्कुलेट की गई है। इसका नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल, 2025' रखा गया है।

नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी।

इधर कांग्रेस ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी का नाम क्यों हटाया जा रहा।

इससे पहले 12 दिसंबर को खबर आई थी कि केंद्रीय कैबिनेट ने मनरेगा का नाम बदलकर पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना रखा है। हालांकि, सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन सामने नहीं आया था।

### नौसेना जासूसी मामले में दो और को कारावास

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने सोमवार को पाकिस्तान से जुड़े विशाखापत्तनम नौसेना जासूसी मामले में दो और आरोपितों को कारावास की सजा सुनाई। दोषी ठहराए गए दोनों आरोपित महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के सोमनाथ संजय इकाडे और उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सोनू कुमार हैं। उन्हें दिसंबर 2019 में क्रमश : कारवार (कर्नाटक) और विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया था। जांच से पता चला कि वे इंटरनेट मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से विदेशी खुफिया संचालकों के संपर्क में थे और उन्होंने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों से संबंधित संवेदनशील विवरण साझा किए थे। एनआईए के अनुसार, उनमें से प्रत्येक को यूए (पी) अधिनियम की धारा 18 और आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा तीन के तहत पांच साल, 11 महीने और 15 दिन की साधारण कारावास की सजा सुनाई गई है।

### बंगाल में आज जारी होगी मसौदा मतदाता सूची

**कोलकाता।** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया के दूसरे चरण के तहत मंगलवार को मसौदा मतदाता सूची जारी होगी। राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक कुल 58,20,898 लोगों के नाम काटकर मसौदा सूची बनेगी। इनमें मृत, लापता, स्थानांतरित व फर्जी मतदाता शामिल हैं। मृत मतदाताओं की संख्या 24,16,852, लापता मतदाताओं की संख्या 12,20,038, स्थानांतरित मतदाताओं की संख्या 19,88,076 और फर्जी मतदाताओं की संख्या 1,38,328 हैं। इसके साथ उन 57,604 लोगों के नाम भी मसौदा सूची में शामिल नहीं रहेंगे, जिन्होंने गणना प्रपत्र भरा ही नहीं है। मालूम हो कि 27 अक्टूबर, 2025 तक बंगाल में मतदाताओं की कुल संख्या 7.66.37,529 थी जबकि मंगलवार को 58,20,898 नाम काटने के बाद जो मसौदा सूची जारी होगी, उसमें 7,08,16,631 लोगों के नाम शामिल होंगे।



### हैप्पी मॉर्निंग

पति (पत्नी से)- ये कैसी फोटो खींची है तुमने, पीछे कुत्ता आ गया...?
मुझे फेसबुक पर डालनी थी...!
पत्नी- (चाय की चुस्की लेते हुए)- हां तो उसमें क्या हो गया, लिख दो कि मैं आगे वाला हूं...!
पति
बेहोश



### शायरी

न्याय मिलने तक ये मोमबत्तियाँ जलायेंगे,
सत्ता सुख में सोई सरकार को नींद से जगायेंगे.

### 9 साल की बच्ची से रेप की कोशिश, हत्या

उज्जैन। मध्यप्रदेश में उज्जैन के खाचरोद में रेप करने में नाकाम होने पर 9 साल की बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मासूम रविवार को नानी के घर आई थी। पड़ोस में ही रहने वाले शख्स ने पहले दुष्कर्म करने की कोशिश की। चिल्लाने पर उसने बच्ची को बोरी में बंद कर दिया। फिर मोगरी से लगातार वार किए। गंभीर हालत में बच्ची को रतलाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। खाचरोद पुलिस ने बताया कि बच्ची रविवार को स्कूल की छुट्टी होने के कारण अपनी दो बड़ी बहनों के साथ नानी के घर आई थी। नानी और बड़ी बहनें रविवार दोपहर को छत पर बैठी थीं। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। काफी देर तक बच्ची घर नहीं आई तो नानी ने उसकी बहन को भेजा लेकिन वह कहीं नहीं दिखी। शाम करीब 5.45 बजे पड़ोस में रहने वाला रियाज खान अपने घर के अंदर से बेहोश बच्ची को उठाकर लाया। कहा- लड़की ऊपर से गिर गई है। बच्ची का मुंह सूजा था। सिर, नाक, आंख पर चोट लगी थी। खून निकल रहा था। परिजन उसे लेकर खाचरोद अस्पताल पहुंचे।

### सफलता



उत्तराखंड के अल्मोड़ा की मूल निवासी कविता चंद ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन पर सफलतापूर्वक चढ़ाई करने के बाद तिरंगे के साथ पोज दिया।

## अमीरों की स्पेशल पूजा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, नोटिस थमाया

भगवान को भी चैन से सोने नहीं देते : सीजेआई

एजेंसी

**मथुरा।** सुप्रीम कोर्ट ने आज मंदिरों में पैसे लेकर अमीर लोगों को 'स्पेशल पूजा' कराने की प्रथा पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा- इससे भगवान के आराम के समय में भी बाधा पहुंचती है। यह टिप्पणी मथुरा के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान की गई।

बांके बिहारी मंदिर में दर्शन का समय हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी ने बढ़ा दिया है।

12 सितंबर को हुई मीटिंग में प्रतिदिन 2: 30 घंटे समय बढ़ाने का निर्णय लिया था। इसके खिलाफ मंदिर के गोस्वामियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई।



चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने याचिका की सुनवाई के दौरान कहा- दर्शन के वक्त को नहीं बदला जा सकता। इसके चलते मंदिर से जुड़े विधि विधान का भी वक्त बदलता है।

भगवान के आराम का अपना वक्त होता है। इसमें दखल नहीं दिया जा सकता।

सीजेआई ने कहा- भगवान के आराम के वक्त में उन्हें आराम कहां करने दिया जाता है। उस वक्त जब आम श्रद्धालु दर्शन नहीं कर सकते, प्रभावशाली लोग बड़ी रकम देकर पूजा कर पाते है। उन्हें पूजा करने की इजाजत होती है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पंचोली भी शामिल थे।

खंडपीठ ने बांके बिहारी मंदिर की दर्शन समय-सीमा में बदलाव और कुछ पारंपरिक धार्मिक प्रथाओं, खासकर देहरी पूजा को रोके जाने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने प्रबंध समिति से जवाब मांगा है।

यूपी सरकार को भी नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई जनवरी के पहले हफ्ते में होगी।

अगस्त में सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर प्रशासन को एक हाई पावर कमेटी की निगरानी में दे दिया था।

## जम्मू-कश्मीर- उधमपुर एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी शहीद

एक आतंकी को भी गोली लगी; रात में ऑपरेशन रोका गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में सोमवार शाम सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया है। वहीं जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को भी गोली लगी है। हालांकि उसकी मौत की सूचना नहीं है। सुरक्षाबलों ने बताया कि उधमपुर में मजालता इलाके के सोआन गांव के पास शाम 6 बजे तीन आतंकियों के मौजूद होने की सूचना मिली। जिसके बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया था। दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। आतंकियों की एक गोली जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप के जवान अमजद पठान को लगी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

शुरुआती मुठभेड़ में एक आतंकवादी के भी घायल होने की आशंका है। ऑपरेशन रात के लिए रोक दिया गया है और मंगलवार को सुबह फिर शुरू किया जाएगा।



### अर्थसार



सेंसेक्स:
85,213.36
-54.30 (0.064%)
निफ्टी:
26,027.30
-19.65

### मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 23 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 09 डिग्री से0 |
| सूर्योदय बुधवार | : | 7 : 10 |
| सूर्यास्त मंगलवार | : | 5 : 23 |

## मोहाली में कबड्डी प्लेयर के सिर में गोली मारकर हत्या

चलते टूर्नामेंट में फायरिंग, बंबीहा गैंग बोला- हमने मारा; आज पोस्टमॉर्टम




**मोहाली।** पंजाब में मोहाली के सोहाना में कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान प्रमोटर व खिलाड़ी दिग्विजय सिंह उर्फ राणा बलाचौरिया की सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। आज (16 दिसंबर को) उनके शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। इसके बाद शाम तक अंतिम संस्कार भी हो सकता है। इस मामले में मोहाली पुलिस ने हमलावरों पर हत्या का मामला दर्ज किया है और हत्यारों की शिनाख्त व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। बंबीहा गैंग ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली है। इसे लेकर एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स, क्राइम ब्रांच और मोहाली पुलिस के साथ साइबर सेल की टीमें मामले की जांच में जुटी हैं।

पुलिस ने सोमवार रातभर सोहाना के आसपास उन सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे चेक किए, जहां से हमलावरों की गाड़ियां गुजरीं। बताया जा रहा है कि हमलावर बोलेरो गाड़ी में आए थे। हालांकि, मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें बाइकों पर भी भागते देखा।

चार्जशीट

एनआईए ने 1300 पेज की चार्जशीट में सबूत दिए, लश्कर कमांडर सजाद जट्ट का भी नाम

## पहलगाम हमले की साजिश पाकिस्तान में रची गई थी

**जम्मू।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम आतंकी हमले के 237 दिन बाद सोमवार को 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जम्मू में एनआईए स्पेशल कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में हमले की साजिश पाकिस्तान में रचे जाने के सबूत दिए गए।

पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और द रेजिस्टेंस फ्रंट समेत 7 आरोपी बनाए गए हैं।

चार्जशीट के मुताबिक यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। एनआईए ने सबूत पेश करते हुए कहा कि इस हमले की



साजिश पाकिस्तान से रची गई है। चार्जशीट की डिटेल्स अभी सामने नहीं आई हैं।

चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर सजाद जट्ट का नाम भी है। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी को भी आरोपी बनाया है।

इसी साल 22 अप्रैल को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था।

### जम्मू-कश्मीर सीएम बोले- मामला कोर्ट में वहीं से फैसला होगा

पहलगाम हमले की चार्जशीट पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा- एनआईए ने जांच पूरी कर ली है और अब चार्जशीट दाखिल की जा रही है। दोषी या निर्दोष का फैसला अदालत करेगी।

### 23 जून : आतंकियों की मदद करने वाले 2 गिरफ्तार

पहलगाम हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था।

एनआईए की जांच में खुलासा हुआ था कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार थे।

एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
मंगलवार 16 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# खेल से राजनीति हटाओ तो भारत की गली-गली से मेसी निकलेंगे



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां की मिट्टी में जन्मे लोग हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ते हैं, चाहे वह विज्ञान हो, कला हो या खेल। लेकिन जब बात खेल की आती है, तो एक बड़ा सवाल उठता है-क्यों भारत जैसे विशाल देश में विश्व स्तरीय खिलाड़ी इतने कम निकलते हैं? इसका एक प्रमुख कारण है खेल में राजनीति का दखल। अगर खेल से राजनीति को पूरी तरह हटा दिया जाए, तो भारत की हर गली-गली से लियोनेल मेसी जैसे फुटबॉल स्टार निकल सकते हैं। यह विचार न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि व्यावहारिक भी।

सबसे पहले समझते हैं कि खेल में राजनीति किस तरह घुसी हुई है। भारत में खेल संघों और संगठनों पर राजनीतिक प्रभाव स्पष्ट दिखता है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से लेकर विभिन्न खेल फेडरेशनों तक, पदाधिकारी अक्सर राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते हैं। ये लोग खेल की बजाय अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में लगे रहते हैं। उदाहरण के लिए, हॉकी, जो कभी भारत का राष्ट्रीय खेल था, आज राजनीतिक उपेक्षा का शिकार है। 1928 से 1956 तक ओलंपिक में आठ स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम अब संघर्ष कर रही है। क्यों? क्योंकि फेडरेशन में राजनीतिक गुटबाजी, भ्रष्टाचार और योग्य कोचों की बजाय चापलूसों की नियुक्ति हो रही है। इसी तरह फुटबॉल में इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) जैसे प्रयास तो हैं, लेकिन grassroots स्तर पर राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण प्रतिभाएं दब जाती हैं।

अब कल्पना कीजिए कि अगर राजनीति हट जाए तो क्या होगा? खेल संगठनों का संचालन पेशेवरों के हाथ में आएगा। योग्य कोच, ट्रेनर और प्रशासक चुने जाएंगे, जो खेल के विकास पर फोकस करेंगे। भारत की आबादी 1.4 अरब है, जिसमें युवाओं की संख्या करोड़ों में है। हर गली, हर गांव में बच्चे फुटबॉल, क्रिकेट या अन्य खेल खेलते दिखते हैं। लेकिन सुविधाओं की कमी, स्काउटिंग सिस्टम की अनुपस्थिति और राजनीतिक भेदभाव के कारण ये प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पातीं। अगर राजनीति हटे, तो सरकारी फंडिंग पारदर्शी तरीके से इस्तेमाल होगी। स्कूलों में खेल को अनिवार्य बनाया जाएगा, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्टेडियम, ट्रेनिंग सेंटर बनाए जाएंगे। अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी को देखिए। वह एक छोटे से शहर रोसारियो से निकले, जहां फुटबॉल संस्कृति मजबूत है। वहां राजनीति खेल से अलग है, और क्लब सिस्टम युवा प्रतिभाओं को पॉलिश करता है। मेसी की तरह भारत में भी अगर सिस्टम साफ-सुथरा हो, तो हर गली से स्टार निकलेंगे।

भारतीय फुटबॉल की स्थिति पर नजर डालें। सुनील छेत्री जैसे खिलाड़ी हैं, जो मेसी की तरह स्कोर करते हैं, लेकिन टीम सपोर्ट की कमी से संघर्ष करते हैं। आईएसएल ने कुछ बदलाव लाए, लेकिन राजनीतिक प्रभाव से लीग में अमीर क्लबों का दबदबा है। अगर राजनीति हटे, तो फुटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (एआईएफएफ) जैसे संगठन योग्य हाथों में आएंगे। युवा लीग, अकादमियां और अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर बढ़ेगा। इसी तरह अन्य खेलों में भी। कुश्ती में हाल के विवादों को देखें, जहां राजनीतिक पदाधिकारियों पर आरोप लगे। इससे खिलाड़ी हतोत्साहित होते हैं। राजनीति हटने से मेरिट बेस्ड सिलेक्शन होगा, और महिला खिलाड़ियों को भी बराबर मौका मिलेगा।

दुनिया के सफल खेल राष्ट्रों से सीख लें। स्पेन, ब्राजील या जर्मनी में खेल संगठन स्वतंत्र हैं। वहां क्लब सिस्टम grassroots से टॉप तक जुड़ा है। भारत में भी अगर ऐसा हो, तो फुटबॉल में मेसी जैसे प्लेयर निकल सकते हैं। कल्पना कीजिए, दिल्ली की गलियों से एक ड्रिबलिंग मास्टर, मुंबई के स्लम्स से एक गोलकीपर, या कोलकाता से एक स्ट्राइकर। ये बच्चे गरीबी से लड़ते हुए खेलते हैं, लेकिन राजनीतिक सिस्टम उन्हें आगे नहीं आने देता। अगर फंडिंग सही जगह पहुंचे, तो कोचिंग कैंप, न्यूट्रिशन और मेडिकल सपोर्ट मिलेगा। ओलंपिक में भारत के पदक बढ़ेंगे, और विश्व कप में भारतीय टीम चैंपियन बनेगी।

हालांकि, चुनौतियां हैं। राजनीति हटाना आसान नहीं। इसके लिए कानूनी सुधार जरूरी हैं, जैसे खेल संघों को स्वायत्त बनाना। सुप्रीम कोर्ट ने बीसीसीआई में लोढ़ा कमिटी के सुधार लागू किए, जो एक अच्छा उदाहरण है। इसी तरह अन्य खेलों में लागू करें। जन जागरूकता भी जरूरी है। अभिभावक बच्चों को खेल में प्रोत्साहित करें, और मीडिया राजनीतिक दखल को उजागर करे।

अंत में, खेल से राजनीति हटाओ तो भारत सुपरपावर बनेगा। हर गली से मेसी, रोनाल्डो या कोहली निकलेंगे। यह सपना नहीं, हकीकत बन सकता है अगर हम अभी से प्रयास करें। खेल राष्ट्र निर्माण का माध्यम है, इसे राजनीति से मुक्त रखें। तब भारत की युवा शक्ति दुनिया पर राज करेगी।

## प्रेम-विवाह पर राजी

बदलते वक्त की धारा में युवाओं में बढ़ते प्रेम विवाह के रुझान को देखते हुए अब तक कठोर रही खापों ने भी रुख बदला है। जैसे कह रहे हों कि यदि मां-बाप राजी तो क्या करेगा काजी। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोरम में देशभर की खाप पंचायतें तीन दिन तक जुटीं। जिसमें हरियाणा, पंजाब, उ.प्र., उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान आदि की विभिन्न जाति-धर्मों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि जुटे। रोचक यह है कि एक लाख से अधिक भागीदारों में आधे करीब 20-35 वर्ष के युवा थे। वजह यह भी थी कि खापों की सख्ती से बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, इस पंचायत में मौजूदा सामाजिक चुनौतियों मसलन इज्जत के नाम पर होने वाली हत्याएं, दहेज, भ्रूण-हत्या, मृत्यु-भोज जैसी कुरीतियों पर व्यापक विमर्श हुआ, लेकिन प्रेम विवाह का मुद्दा मुखरता से छाया रहा। महत्वपूर्ण बात यह रही कि सर्वखाप ने तय किया कि यदि माता-पिता की सहमति से प्रेम विवाह होता है तो खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। सर्वखाप पंचायत में देश की सबसे बड़ी बालियान खाप के प्रधान नरेश टिकैत का कहना था कि यहां इतने ज्यादा लोग इसलिए जुटे हैं कि मुद्दे कोई राजनीतिक या किसानों के न होकर, प्रेम-विवाह, अंतरजातीय विवाह शुरू करने, दहेज न लेने, मृत्युभोज बंद करने जैसे ज्वलंत विषयों से जुड़े रहे। आम राय रही है कि जिस विवाह को लेकर मां-बाप की सहमति होगी, उसमें समाज, रिश्तेदार अथवा खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। दरअसल, खापों के रवैये में लचीलापन आने की एक बड़ी वजह यह रही है कि युवा तेजी से प्रेम विवाह की तरफ उन्मुख हैं। लेकिन जहां ऐसा करने में सख्ताई है वहां बड़ी संख्या में युवा कुंआरे बने हुए हैं। हरियाणा, उ.प्र व एनसीआर के कई गांवों में सैकड़ों की कुंआरों की फौज खड़ी हैं। अब यह सोच बन रही है कि प्रेम विवाहों से समाज की कई बुराइयां व मुश्किलें भी कम हो रही हैं। बदलते वक्त के साथ परंपरागत शादियों में अलगाव, तलाक व टकराव के मामले हालिया सालों में बढ़े हैं। कई नेताओं में इस बात को लेकर सहमति बनाने की कोशिश हुई कि जिन जातियों में घड़ा व हुक्का-पानी एक है, उनमें शादियों की शुरुआत होनी चाहिए। समान कद वाली जातियों में भी शादी की बात छेड़ी गई, लेकिन इस पर कोई सहमति नहीं बनी। साथ ही समान गोत्र की खेतिहर जातियों में भी विवाह पर विचार हुआ। कई लोग उदाहरण देते रहे कि जाटों के सबसे बड़े नेता रहे चौधरी चरण सिंह ने अपनी तीन बेटियों व बेटे की अंतरजातीय शादी की। बताया जा रहा है कि जातीय अस्मिता और किसान संस्कृति की ध्वजवाहक जाट बिरादरी में विवाह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर मंथन चल रहा है।

# अरब देशों ने बैन लगाया, धुरंधर ने ऐसा क्या दिखाया

अभिनय आकाश



क्या पाकिस्तान का विरोध करना भारतीय मुसलमानों का विरोध करना है? क्या पाकिस्तान के आतंकवाद पर हमला करके, पाकिस्तान को एक्सपोज करके हम भारतीय मुसलमानों पर हमला कर रहे हैं? बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के ही पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मार रही है। इसलिए हिंदुस्तान में भी कुछ लोगों को चुभ रही है।

हिंदुस्तानियों का सबसे बड़ा दुश्मन हिंदुस्तानी ही है। पाकिस्तान तो दूसरे नंबर पर आता है आदित्य धर की फिल्म धुरंधर ने इस वक्त धूम मचाई हुई है। धुरंधर फिल्म ने आते ही ऐसा धमाका किया है कि 5 दिन में 200 करोड़ छाप दिए हैं। ये फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जाती है। इसमें पांच दिग्गज अभिनेताओं ने ऐसे किरदार निभाए हैं जो असली लोगों से इंस्पायर्ड बताए जा रहे हैं। धुरंधर पिछले हफ्ते 5 दिसंबर को रिलीज हुई। उसके बाद से एक बड़ा वर्ग इसकी बहुत तारीफ कर रहा है और अच्छा सिनेमा बता रहा है। इसमें एक सही मुद्दे को लेकर रियलस्टिक ट्रीटमेंट दिया गया है। लेकिन भारत में ही मौजूद कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें इस फिल्म से परेशानी हो रही है। धुरंधर के इस धमाके के बीच एक इकोसिस्टम सुलग रहा है। यह इकोसिस्टम धुरंधर फिल्म के पीछे पड़ गया है। कोई कह रहा है कि यह प्रोपेगेंडा है। कोई कह रहा है कि अरे यह ट्रोल लेवल की फिल्म है। कोई कह रहा है कि फिल्म बनाने वाले ने लिमिट क्रॉस कर दी। यानी धुरंधर में कुछ तो ऐसा दिखाया गया है जो एक इको सिस्टम को परेशान कर रहा है। उन्हें जबरदस्त आग लगी हुई है। सवाल ये है कि पाकिस्तान के आतंकवाद की सच्चाई उन वर्गों को इतनी चुभ क्यों रही है। क्या फिल्म पर भी राजनीति हो सकती है? क्या किसी फिल्म की कहानी पर भी राजनीति हो सकती है और क्या कोई फिल्म भी एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। धुरंधर फिल्म ऐसी ही है, जो अभी आई है और वो आते ही एक बड़ा मुद्दा बन गई है उस फिल्म को लेकर बहुत सारे सवाल किए जा रहे हैं। क्या पाकिस्तान का विरोध करना भारतीय मुसलमानों का विरोध करना है? क्या पाकिस्तान के आतंकवाद पर हमला करके, पाकिस्तान को एक्सपोज करके हम भारतीय मुसलमानों पर हमला कर रहे हैं? बिना पासपोर्ट और बिना वीजा के ही पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान को मार रही है। इसलिए हिंदुस्तान में भी कुछ लोगों को चुभ रही है।

### क्यों इतनी चर्चा में है धुरंधर

दुनिया भर में लोगों को फिल्म पसंद आ रही है। जबकि फिल्म 3 घंटे 34 मिनट की है। छोटी-मोटी फिल्म नहीं है। सभी कलाकारों की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। फिल्म के एक्शन, बैकग्राउंड, म्यूजिक सब की तारीफ हो रही है। यानी धुरंधर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धुरंधर साबित हो रही है। और इसकी सबसे बड़ी वजह इसकी कहानी है। फिल्म धुरंधर के सभी मेन कैरेक्टर किसी ना किसी रियल लाइफ किरदार से प्रेरित हैं। फिल्म में रणवीर सिंह ने भारतीय जासूस का किरदार निभाया है। फिल्म में रणवीर सिंह का नाम हम अली मज़ारी है। जो बलोच है और यह आम बॉलीवुड जासूसों की तरह नहीं है। रणवीर सिंह का कैरेक्टर पाकिस्तान में घुसकर भारत की एजेंसियों को खुफ़िया जानकारी भेजता है। फिल्म में रणवीर सिंह कराची के अंडरवर्ल्ड का हिस्सा बन जाता है और फिर वहां से पाकिस्तान के आतंकी गैंगस्टर सरकार और आईएसआई के गठजोड़ के बारे में भारत जानकारी भेजता है। इसी तरह से फिल्म में माधवन ने इंटेलिजेंस अधिकारी अजय सानियाल का रोल किया है। अजय सानियाल के गेटअप में माधवन को देखकर कोई भी आसानी से कह रहे कह दे रहा है कि अरे यह तो अजीत डोभाल हैं। हालांकि में यह दावा नहीं किया गया है कि अजय सानियाल जो हैं वो अजीत डोभाल के कैरेक्टर से प्रेरित हैं।

### ल्यारी के रहमान डकैत की पूरी कहानी

70 के दशक में उससे भी पहले बेनजीर भुट्टो के पापा और पाकिस्तान के तत्कालीन सदर जुल्फिकार अली भुट्टो ने लिल्या के लोगों को जमीन से जुड़े अधिकारों में जगह दी थी। तब से यह तय हो गया किरी के लोग अपनी वफादारी भुट्टो परिवार की ओर ही रखेंगे। इसलिए लियारी को भुट्टो की पार्टी पाकिस्तान पीपल्स पार्टी पीपीपी का गढ़ माना जाता रहा। उन्हें साथ मिला रहमान बलोच, अब्दुल रहमान बलोच और उसके चचेरे भाई उज़ैर बलोच का लारी के सबसे बड़े गुंडे और गिरोहबाज शराब बेचने, हथियार बेचने, हफ्ता वसूलने, अपहरण कर फिरौती उठाने, हत्या वगैरह करने जैसे कामों से दोनों भाइयों ने लारी की गलियों में दहशत भर के रखी हुई थी। मुताहिदा कौमी मूवमेंट एमक्यूएम नाम के राजनीतिक मूवमेंट से उन्हें चुनौती मिली। एमक्यूएम और उसके मसलमैन अरशद पप्पू और बलोच गैंग में लफड़े अक्सर होते रहते थे। सब किसी ना किसी नेता से जुड़े हुए थे। पुलिस उन्हें छू भी नहीं सकती थी। ऐसे में एसपी चौधरी असलम को याद किया गया।

### रहमान का विवादास्पद एनकाउंटर

इससे पहले कि वह राजनीतिक सफलता की लहर पर सवार हो पाता, अगस्त 2009 में पुलिस के साथ मुठभेड़ में रहमान को गोली मार दी गई। 9 अगस्त 2009 का दिन था। रहमान अपने तीन साथियों औरंगजेब, नजीर और अकील के साथ स्टील टाउन की तरफ जा रहा था। तभी रास्ते में जिले के एसएसपी (एसएसपी) चौधरी असलम खान की टीम ने उसकी कार रोकी। पुलिस टीम का रवैया देखकर रहमान को शक हो गया था। मीडिया रिपोर्टस् के मुताबिक, रहमान और उसके तीन साथियों औरंगजेब, नजीर और अकील ने पुलिस पर गोलीबारी की। जिसके जवाब में पुलिस टीम ने भी फायरिंग शुरू कर दी। जब गोलियों की आवाज़ थमी तो ल्यारी का एक अध्याय खत्म हो चुका था रहमान मारा जा चुका था।

### भारत के नकली नोट पाकिस्तान में कैसे बनते हैं?

फिल्म में पाकिस्तान के असली किरदारों के आधार पर कहानी कही गई है। इसके अलावा फिल्म में पाकिस्तान में भारत के नकली नोट कैसे बनते हैं? इसके बारे में भी बता दिया गया है जिससे कुछ लोग बौखला उठे हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि भारत के नकली नोट आईएसआई के गोदाम में अखबार की तरह छपते हैं। नकली नोट में बिल्कुल असली नोट जैसे सिक्योरिटी फीचर्स होते हैं। फिल्म में दिखाया गया है कि एक ब्रिटिश फर्म पाकिस्तान को इंडियन करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड सप्लाई करती है। नकली नोट पहले कतर भेजे जाते हैं। क़तर से नेपाल और फिर वहां से भारत भेजे जाते हैं। पाकिस्तान में भारत के नकली नोट छापने का काम आईएसआई और पाकिस्तानी बिजनेसमैन जावेद खनानी करते हैं। जावेद खनानी को भी फिल्म धुरंधर में दिखाया गया है। फिल्म धुरंधर में एक ब्रिटिश फर्म का भी जिक्र किया गया है। लेकिन हकीकत में एक ब्रिटिश कंपनी है जो भारत और पाकिस्तान को करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड सप्लाई करती थी। उसका नाम है डेलारू। डेला रू कंपनी दुनिया के 140 देशों के साथ काम करती है। करेंसी पेपर सिक्योरिटी फीचर्स की सप्लाई करती है। यही कंपनी भारत को करेंसी पेपर और सिक्योरिटी थ्रेड थ्रेड देती थी और पाकिस्तान को भी यही सारी चीजें सप्लाई करती थी। इसी वजह से डेला रू के ऊपर कई सवाल खड़े हुए।

### पनामा पेपर्स में भी आया था डेलारू का नाम

पनामा पेपर्स में भी डेलार रू का नाम आया और आरोप लगा कि डेल रू ने भारत में ठेका लेने के लिए एक एजेंट को 15त्न का कमीशन दिया था। साल 2010 में डेलार रू को ब्लैकिस्ट कर दिया गया था। लेकिन 2023 में सीबीआई ने पूर्व वित्त सचिव अरविंद मायाराम के खिलाफ एक एफआईआर दर्ज की और आरोप था कि 2012 में डेलारू के पुराने कॉन्ट्रैक्ट को गलत तरीके से बढ़ाया गया। उस समय अरविंद मायाराम आर्थिक मामलों के सचिव थे। आरोप था कि मायाराम ने नोटों के लिए खास सिक्योरिटी थ्रेड की सप्लाई के लिए गैर कानानूनी तरीके से एक्सटेंशन दिया।

### बलोच से पाकिस्तान की नफरत


फिल्म में पाकिस्तान और बलूचिस्तान के रिश्ते को भी बहुत बारीकी से उठाया गया है। और एक और डायलॉग है इसमें जिसमें संजय दत्त जो अभिनेता हैं इसमें वो कहते हैं कि मगरमच्छ पर भरोसा कर सकते हैं लेकिन बलोच पर नहीं। और इससे यह साबित होता है कि पाकिस्तान के लोग किस कदर बलोच लोगों से नफरत करते हैं। और फिल्म में भी यही दिखाया कि पाकिस्तान के लोग बलोच लोगों से नफरत करते हैं और कैसे बलूचिस्तान के लोग लगातार पाकिस्तान से आजादी मांग रहे हैं। लड़ रहे हैं आजादी के लिए। और यह इस फिल्म में दिखाया गया है।

### अरब देशों में बैन

छह गल्फ कंट्रीज यानी खाड़ी देशों में फिल्म धुरंधर को बैन कर दिया गया है और पाकिस्तान के दोस्त धुरंधर के दुश्मन बन गए हैं। पहला देश बहरेन, दूसरा कुवैत, तीसरा ओमान। इसके अलावा क़तर, सऊदी अरब के साथ यूएई ने भी पाकिस्तान को खुश करने के लिए धुरंधर से उचित दूरी बना ली है। वहां पर इस फिल्म को रिलीज नहीं किया जाएगा। फिल्म में दिखाए गए दृश्य पाकिस्तान का दर्द बढ़ा रहे हैं और एक-एक डायलॉग पाकिस्तानी सत्ता के कानों को चुभ रहा है क्योंकि धुरंधर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सच दिखाया गया है। आतंकियों के गढ़ दिखाए गए हैं और भारत के खिलाफ साजिशों वाले संवाद भी हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3741




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की ओर जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 3740 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह!' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.'

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना!''

''जी! क्या बात हो गई?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई!''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3741



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3740



## सूडोकु -3741


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 6 | | 1 | | 5 | | 2 |
| | 9 | | | 8 | | | | 3 |
| 1 | | | 6 | 9 | | 7 | | |
| | 3 | 8 | 2 | | 1 | | | |
| 2 | 7 | 5 | | | | 6 | 3 | 1 |
| | | | 5 | | 7 | 2 | 8 | |
| | | 9 | | 7 | 4 | | | 6 |
| 8 | | | | 2 | | | 5 | |
| 4 | | 2 | | 5 | | 9 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3740 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 3741



**बाएँ से दाएँ**

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टोंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

शब्द पहेली -3740 का हल



# प्राधिकरण ने 9 सालों में एयरपोर्ट को दिए 4822 करोड़

## जमीन अधिग्रहण के लिए मिलेंगे 3259 करोड़, 600 करोड़ किए रिलीज

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर सकते है। यहां युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। एयरपोर्ट के निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण भी एयरपोर्ट में ज्वाइंट वेंचर कंपनी है। ऐसे में प्राधिकरण निर्माण के लिए लगातार फंड रिलीज कर रहा है।




37.5 प्रतिशत की अंश धारित के सापेक्ष नोएडा प्राधिकरण 31 अक्टूबर 2025 तक कुल 4822 करोड़ 29 लाख 55 हजार 918 रुपए दिए है। इसका ब्योरा बोर्ड के सामने प्रस्तुत किया।

प्राधिकरण ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सहायक रास्ते के निर्माण और वीआईपी निकासी रास्ते के लिए 11 के वी की लाइन को विस्थापित करने के खर्च 35 लाख 31 हजार के सापेक्ष 13 लाख 24 हजार का भुगतान 4 नवंबर को किया गया।

एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है। इस क्रम में स्टेट-2 के फेज-2 और स्टेज-2 के फेज-3 में 14 गांव की जमीन अधिग्रहण की जा रही है। ये जमीन करीब 1888 हेक्टेयर से ज्यादा है।

इसके लिए कुल 8691 करोड़ 19 लाख रुपए मुआवजा के तौर पर देने है। इस राशि का एग्रीमेंट के अनुसार 37.5 प्रतिशत यानी 3259 करोड़ 20 लाख रुपए प्राधिकरण को देने है। इसका ब्योरा भी बोर्ड में रखा गया। ऐसे में प्राधिकरण ने बताया कि इस राशि में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 1315.68 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई।

इसमें पहले फेज के लिए 600 करोड़ रुपए दिए गए। ये पैसा दिया जा चुका है।

### प्राधिकरण ने अलग-अलग वित्तीय वर्ष में दिया पैसा

वित्तीय वर्ष 2017-18 में 330 करोड़
वित्तीय वर्ष 2018-19 में 739 करोड़ 50 लाख
वित्तीय वर्ष 2019-20 में 3 करोड़ 75 लाख
वित्तीय वर्ष 2020-21 में 568 करोड़ 3 लाख
वित्तीय वर्ष 2021-22 में 187 करोड़ 5 लाख
वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1361 करोड़ 20 लाख
वित्तीय वर्ष 2023-24 में 340 करोड़ 33 लाख
वित्तीय वर्ष 2024-25 में 842 करोड़ 37 लाख
वित्तीय वर्ष 2025-26 में 600 करोड़ 17 लाख

## बिल जमा न करने पर सोसाइटी की बिजली काटी

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने बकाया बिल जमा नहीं करने पर सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन माइवुड्स सोसाइटी की बिजली काट दी। इससे पांच हजार परिवार प्रभावित हुए। जनरेटर सेट से बिजली आपूर्ति की गई, जो लोगों की जेब पर भारी पड़ी। सोसाइटी प्रबंधन की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि बकाएदारों के खिलाफ चलाए जा रहे वसूली अभियान के तहत सोमवार सुबह सवा 8 बजे ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन माइवुड्स सोसायटी की बिजली काट दी इस सोसाइटी पर नवंबर महीने का करीब 93 लाख रुपये का बिजली बिल बकाया है। कई बार नोटिस भेजने के बाद भी सोसाइटी प्रबंधन द्वारा बिल जमा नहीं किया गया। बिल जमा करने को लेकर सोसाइटी प्रबंधन ने लिखित में भरोसा दिलाया था, लेकिन अब तक बिल का भुगतान नहीं किया गया। बता दें कि इससे पहले 14 नवंबर और 21 नवंबर को सोसाइटी की बिजली काटी गई थी। महागुन माइवुड्स में सिंगल प्वाइंट कनेक्शन है। यहां करीब पांच हजार परिवार रहते हैं। एनपीसीएल से मिली जानकारी के मुताबिक इससे पहले स्मार्ट गोल्फ होम्स की दुकानों, एम्स गोल्फ टाउन डवलपर्स, सब रजिस्ट्रार दफ्तर सेक्टर गामा-2, हिमालया प्राइड व ड्रीम वैली फेज-1 विला की बिजली काटी जा चुकी है।

# नोएडा में कोहरे के कारण 20 गाड़ियां आपस में भिड़ीं

## 10 लोग घायल, ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर हादसा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण दो स्थानों पर भीषण एक्सीडेंट हो गया। पहली घटना गलगोटियां यूनिवर्सिटी और दूसरी दादोपुर गांव के पास हुई। गलगोटियां के पास 12 गाड़ियां और दादोपुर गांव के पास 8 गाड़ियां टकरा गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। 10 लोगों को घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। उनका इलाज चल रहा है।



### अब विस्तार से पढ़िए पूरा मामला

जानकारी के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब पलवल से ग्रेटर नोएडा की ओर जा रहे वाहन घने कोहरे के कारण एक-दूसरे को समय पर नहीं देख पाए। दृश्यता बेहद कम होने से वाहन चालकों ने नियंत्रण खो दिया, जिससे एक के बाद एक वाहन टकराते चले गए।

पुलिस के मुताबिक, एक हादसा दादूपुर गांव के पास और दूसरा गलगोटिया यूनिवर्सिटी के पास हुआ। हादसे में कुछ वाहन आलू से लदे हुए थे, जिनके पलटने और टूटने से आलू सड़क पर बिखर गए, जिससे हाईवे पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। सूचना मिलते ही दनकौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने लगभग 10 घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।

राहत की बात यह रही कि किसी की जान जाने की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया और बिखरे आलुओं को साफ कराया, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि सर्दी के मौसम में कोहरे के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतें।

उन्होंने धीमी गति से वाहन चलाने और फॉग लाइट का प्रयोग करने की सलाह दी। इस हादसे ने एक बार फिर घने कोहरे में हाईवे पर सुरक्षा इंतजामों की आवश्यकता को उजागर किया है।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा की कूलर फैक्ट्री में आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के जारचा थाना क्षेत्र में सोमवार को एक कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी तेज़ थी कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना जारचा थाना क्षेत्र के बिसाहड़ा रोड पर स्थित एक कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में हुई। आग लगने के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, आग से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का तैयार माल और कच्चा माल जलकर नष्ट हो गया। दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उन्हें कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां भेजी गईं। उन्होंने पुष्टि की कि आग पर काबू पा लिया गया है और इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### दो बहनों के खाते से ढाई लाख रुपये गायब

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में दो बहनों के बैंक खाते से लगभग ढाई लाख रुपये निकाल लिए गए। यह रकम उन्होंने अपनी शादी के लिए मजदूरी करके जमा की थी। पीड़ित बहनों ने सोमवार देर शाम कोतवाली की साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित बहनों की पहचान सुनैना और भावना के रूप में हुई है। कुछ साल पहले उनके पिता की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। परिवार में उनकी बूढ़ी मां और एक भाई भी हैं। सुनैना और भावना अपनी मां के साथ मजदूरी करके अपनी शादी के लिए पैसे जोड़ रही थीं। रविवार को बहनों को पता चला कि उनके खाते से लगभग ढाई लाख रुपये निकाल लिए गए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि अज्ञात आरोपियों ने दोनों बहनों के मोबाइल नंबर का उपयोग कर अपने फोन में यूपीआई सक्रिय किया। इसके बाद करीब 30 लेनदेन के माध्यम से यह रकम निकाली गई। पुलिस ने मोबाइल नंबर और यूपीआई विवरण के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### जिम मैनेजर पर बार मालिक को धमकी देने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित एक बार में जबरन प्रवेश, गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है। बार प्रबंधन से मिली तहरीर के आधार पर नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। बार के मैनेजर राजीव तेवतिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को बार परिसर में एक कंपनी की पार्टी चल रही थी। इसी दौरान एक जिम के मैनेजर अपने कुछ साथियों के साथ जबरन बार में घुस आए। उन्हें बताया गया कि बार में निजी कार्यक्रम चल रहा है और उनके लिए बैठने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद वह अंदर घुस गए। इसका विरोध करने पर मैनेजर और उनके साथ मौजूद एक युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि स्टाफ और बार मालिक को जान से मारने की धमकी दी। अब इस मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### ग्रेनो वेस्ट मे ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16सी और चार की आंतरिक सड़कों को चौड़ा किया जाएगा। इससे ट्रैफिक सुचारू रूप से चलता रहेगा। प्राधिकरण ने निविदा जारी कर तैयारी शुरू कर दी है। इससे 40 से अधिक सोसाइटी में रहने वाले लोगों को फायदा होगा। साथ ही इलाके की अन्य प्रमुख सड़कों को चौड़ा किए जाने की योजना भी बनाई गई है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले एक माह में सड़कों को चौड़ा करने का काम शुरू करा दिया जाएगा। इस पर 4.12 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सेक्टर-चार में 45 मीटर सड़क अभी 10.50 मीटर चौड़ी है। करीब 650 मीटर लंबी इस सड़क को 13.50 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इसके बाद यह सड़क चार लेन की हो जाएगी। इस सेक्टर की 24 मीटर सड़क की चौड़ाई 9.50 मीटर से बढ़ाकर 10.50 मीटर किया जाएगा। इसकी लंबाई करीब 700 मीटर है। परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर ने बताया कि विस्तार होने के बाद यह सड़क तीन लेन की हो जाएगी। वहीं सेक्टर-16 सी की 24 मीटर सड़क को 10.50 से 13.50 मीटर चौड़ा किया जाएगा। करीब 900 मीटर लंबी यह सड़क चार लेन की हो जाएगी।

### जिला अस्पताल में सांस के मरीज बढ़े

**ग्रेटर नोएडा।** जिला अस्पताल के साथ ही अन्य अस्पतालों की आईसीयू में भी पिछले तीन दिनों से मरीजों की संख्या बढ़ी है। जिला अस्पताल की ओपीडी में पिछले हफ्ते के मुकाबले सांस रोगियों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ गई है। फिजिशियन की ओपीडी में पहले 800 से अधिक मरीज थे। अब मरीजों की संख्या करीब एक हजार तक पहुंच गई है, जिसमें 250 से 300 को सांस लेने में दिक्कत, खांसी, गले में संक्रमण, आदि के मरीज थे। जिला अस्पताल आईसीयू के प्रभारी डॉ. असद ने बताया कि पहले वायु प्रदूषण सांस रोगियों की बीमारी बढ़ा देता है। तीन दिनों में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ी है, जो भी मरीज आईसीयू में आ रहे हैं, उनका ऑक्सीजन सेचुरेशन 65-75 के बीच है। आमतौर पर सामान्य मरीजों का ऑक्सीजन सेचुरेशन 95 या इससे अधिक होना चाहिए। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. अनुराग सागर ने बताया कि वायु प्रदूषण करीब दो महीने से है। सांस लेने में दिक्कत होने पर सोमवार को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल आईसीयू में 60 वर्षीय महिला को भर्ती कराया गया। ऑक्सीजन सेचुरेशन की स्थिति को देखकर मरीज को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया।

### ग्रेनो में 19 स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई

**ग्रेटर नोएडा।** बढ़ती ठंड को देखते हुए प्राधिकरण द्वारा ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में 19 सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। सोमवार से इसकी शुरूआत कर दी गई। भीड़भाड़ वाले स्थान चिन्हित किए गए हैं। जरूरत पड़ने पर और भी जगह पर अलाव जलाया जाएगा। प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से 19 सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। इनमें जगत फार्म बाजार, परी चौक के पास सूरजपुर- कसना मार्ग पर, परी चौक पुलिस चौकी के पास, सूरजपुर प्रवेश बिंदु और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चार मूर्ति चौक, मेट्रो स्टेशन तुगलपुर के पास और पी- थ्री गोलचक्कर के पास आदि स्थान शामिल हैं। प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि जरूरत पड़ने पर और भी जगह पर अलाव जलाने की व्यवस्था की जाएगी। रैन वहीं, बेसहारा लोगों के लिए प्राधिकरण द्वारा बनाए गए रैन बसेरा में 25-25 बिस्तर लगाए गए हैं। प्राधिकरण के कर्मी सुबह और शाम निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज ले रहे हैं।

### कोहरे के कारण एक घंटा देरी से पहुंच रहीं बसें

**नोएडा।** बीते दो दिन से सड़कों पर घने कोहरे के कारण बसें गंतव्य पर करीब एक घंटा देरी से पहुंच रही हैं। ऐसे में यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को यात्रियों को बसों के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। जनरथ बस से बॉटेनिकल गार्डेन पर उतरे रवींद्र ने कहा कि लखनऊ से आए हैं। रास्ते में घने कोहरे के कारण बस करीब डेढ़ घंटे देरी से पहुंची है। उन्होंने कहा कि सड़क पर कोहरा इतना अधिक था कि बस की गति काफी धीमी थी। नोएडा डिपो में यात्रियों ने बताया कि सुबह बसें 30 से 35 मिनट विलंब से मिल रही हैं। यूपी परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि रोजाना चालकों की काउंसलिंग की जा रही है। इसमें उन्हें बस को कोहरे में ध्यान से चलाने के लिए कहा जा रहा है। कोहरे में हादसा न हो, इसके लिए यह उपाय किए जा रहे हैं। इसके साथ ही चालक-परिचालकों को पूरी एहतियात बरतने के लिए भी कहा है।

# ग्रेटर नोएडा में घर के बाहर से बाइक चोरी

## सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, हेलमेट पहनकर आया था एक चोर

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली।

चोरी की यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है।

यह घटना दादरी थाना क्षेत्र की नई आबादी में सामने आई है। यहां के निवासी साजिद, जो गांव-गांव फेरी लगाकर अपना गुजर बसर करते हैं, उन्होंने 12 दिसंबर को अपनी मोटरसाइकिल हमेशा की तरह घर के बाहर खड़ी की थी। अगली सुबह जब उन्होंने देखा तो उनकी मोटरसाइकिल गायब थी।

साजिद ने पास में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली, जिसमें दो चोर सुबह करीब 4 बजे उनकी मोटरसाइकिल चोरी करते हुए दिखाई दिए।

फुटेज में दिखा कि चोरों ने पहले एक अन्य मोटरसाइकिल चोरी करने की कोशिश की, लेकिन उसका लॉक नहीं खोल पाए।

इसके बाद वे साजिद की मोटरसाइकिल के पास पहुंचे और कुछ ही मिनटों में उसका लॉक खोलकर उसे चुरा ले गए। सीसीटीवी फुटेज में एक चोर हेलमेट पहने हुए नजर आ रहा है।

फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में शिकायत दर्ज कर ली है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर घना कोहरा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में घने कोहरे के कारण सड़कों पर विजिबिलिटी बेहद कम हो गई है। इसका सीधा असर यमुना एक्सप्रेसवे पर दिख रहा है। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नोएडा ट्रैफिक पुलिस ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट से यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों को काफिले (कन्वॉय) के रूप में निकाल रही है। जीरो पॉइंट पर पुलिस और ट्रैफिक विभाग की टीमें लगातार स्थिति पर नजर रख रही हैं। ट्रैफिक पुलिस माइक के जरिए वाहन चालकों को लगातार सतर्क कर रही है। जानकारी के अनुसार, एक बार में 10 से 15 वाहनों के काफिले को जीरो पॉइंट से यमुना एक्सप्रेसवे की ओर रवाना किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जीरो विजिबिलिटी की स्थिति में हादसों को रोकना है। वाहनों को 5 से 10 मिनट के अंतराल पर आगे भेजा जा रहा है। पिछले तीन दिनों से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में घना कोहरा छाया हुआ है। पिछले दो दिनों में कोहरे के कारण ग्रेटर नोएडा में कई सड़क हादसे हुए हैं।

# नोएडा के किसानों ने घेरा बिजली घर

## डीएससी रोड पर निकाला पैदल मार्च, डूब एरिया में बिजली कनेक्शन की मांग

**नोएडा।** नोएडा के डूब एरिया में मजदूर वर्ग के लोग रहते है। इनके मकानों में बिजली सप्लाई नहीं है। भारतीय किसान परिषद का आरोप है कि जब यहां बने और मकानों में बिजली का कनेक्शन दिया गया है तो मजदूरों को भी बिजली कनेक्शन दिया जाए।




इस मांग को लेकर भारतीय किसान परिषद ने मजदूरों के साथ मिलकर नोएडा की सड़क पर पैदल मार्च किया। इसके बाद सेक्टर-16 सीनियर इंजीनियर विद्युत विभाग में धरना दिया। इस दौरान भारी पुलिस बद मौजूद है।

किसान एवं मजूदरों एक साथ मिलकर पहले सेक्टर-5 हरौला के बारातघर एकत्रित हुए। इसके बाद यहां से पैदल मार्च करते हुए गोलचक्कर और डीएससी रोड से होते हुए सेक्टर-16 बिजली विभाग के आफिस पहुंचे। रास्ते में विद्युत निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने कई बार रोकने का प्रयास किया। डीएससी रोड पर यातायात को डायवर्ट करना पड़ा। किसानों और मजदूरों ने जमकर नारेबाजी।

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि नोएडा के डूब क्षेत्र में हजारों की संख्या में मजदूर परिवार रहते है।

उनके बच्चे बिना बिजली सप्लाई के न तो पढ़ पा रहे है और जीवन यापन तक नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यहां पर पैसे लेकर बिजली विभाग अन्य लोगों को कनेक्शन दे रहा है।

इस स्थिति में मजदूरों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार क्यो किया जा रहा है। उनको भी कनेक्शन दिया जाए।

इसको लेकर किसान सेक्टर-16 बिजली ऑफिस पर धरना प्रदर्शन कर रहे है। किसानों का कहना है कि जब तक उनको मांगों को पूरा नहीं किया जाता वो यहां से नहीं हटेंगे।

# यूपी एसटीएफ ने बोगस कंपनी बनाने वाले पांच पकड़े

## आईटीसी के जरिए करोड़ों के राजस्व का किया नुकसान, गाजियाबाद में चलाते थे कोचिंग इंस्टीट्यूट

**नोएडा।** बोगस फर्म का रजिस्ट्रेशन कराकर फर्जी इनवायस के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट लेकर करोड़ों का राजस्व नुकसान पहुंचाने वाले पांच लोगों को नोएडा एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें से पांच लोगों की गिरफ्तारी नोएडा और एक बिहार से की गई है। इनके नाम बिदेश्वर प्रसाद , बबलू कुमार, प्रिंस पांडे, दिपांशू शर्मा ये चारो गाजियाबाद के रहने वाले है। जबकि इनकी निशानदेही पर जयकिशन को वैशाली बिहार से गिरफ्तार किया गया।




एसटीएफ ने बताया कि 12 दिसंबर को जानकारी मिली कि एक ऐसा गिरोह गाजियाबाद में सक्रिय है जो फर्जी फर्म का रजिस्ट्रेशन कराकर इनवायस के जरिए इनपुट टैक्स क्रेडिट ले रहा है साथ ही बड़े स्तर पर राजस्व को नुकसान पहुंचा रहा है। मुखबीर की जानकारी पर एसटीएफ यूनिट ने चार लोगों को गाजियाबाद से पकड़ लिया और नोएडा इकाई ले आए।

पूछताछ में जानकारी मिली कि बिंदेश्वर प्रसाद ने गाजियाबाद में हिन्दुस्तान कोचिंग सेंट नाम से एकाउंटेंसी संबंधित कार्यों की जानकारी के लिए साल 2011 में एक कोचिंग सेंटर शुरू किया था। जिसमें एकाउंटेंसी के अलावा टैली, बीजी आदि साफ्टवेयर के संबंध में प्रशिक्षण देकर फ़र्मो की इनवाइस ई वे बिल एवं जीएसटी रिटर्न भरना सिखाया जाता था। दीपांशू और जय किशन कोचिंग के स्टूडेंट थे।

### पहले प्रशिक्षण देता फिर अपने साथ मिलाता

पूछताछ में बताया कि बिंदेश्वर शुरू से ही बोगस फर्मे तैयार कर उनके जरिए सेल्स इनवाइस बेचने का काम करता था।

साथ ही प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद अपने साथ ही स्टूडेंट को भी लगा लेता था। ये लोग मिलकर फर्जी फर्म तैयार करना फर्जी इनवायस बनाकर पोर्टल पर अपलोड कर जीएसटी रिटर्न फाइल करने लगे। यही नहीं कई वास्तविक कंपनियों के भी ये डेटा लेकर उनके फर्जी बिल बनाकर रिटर्न फाइल करते थे। साथ ही वास्तविक फर्म की ओटीपी और पासवर्ड इनके पास रहता था इसलिए आसानी से सारा काम होता था।

### 50 से अधिक ई मेल आईडी

इनके मोबाइल फोन से करीब 50 से अधिक ईमेल आईडी लॉगिन थी। जिनके जरिए बोगस फर्म रजिस्ट्रेशन, इनवाइस , ई वे बिल काटने, जीएसटी रिटर्न फाइलिंग और बैंक ट्रांजैक्शन के लिए ओटीपी प्राप्त किया जाता है। अब तक करोड़ों रुपए के राजस्व की नुकसान की बात सामने आ चुकी है।

# नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों से मिले किसान

## बोले, 49 साल बाद भी किसानों की समस्या पर गंभीर नहीं प्राधिकरण

**नोएडा।** नोएडा बनने के 49 साल बाद भी किसानों व ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया जा रहा है। इससे उनकी समस्याओं का निवारण नहीं हो पा रहा है। किसानों की कई पीढ़ी प्राधिकरण कार्यालय के चक्कर लगा कर चली गई हैं। किसान संगठनों की ओर से समय-समय पर आंदोलन तक किया गया, लेकिन किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। यह बात सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानु एनसीआर अध्यक्ष सुनील अवाना ने प्राधिकरण ओएसडी महेंद्र प्रसाद से कही।

उनके नेतृत्व में किसानों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को गांव व किसानों की समस्याओं को लेकर सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण कार्यालय पर अधिकारियों के साथ चर्चा करने पहुंचा था। इस मौके पर वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष भाटी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निपटारा के लिए हम लगातार आंदोलन करते रहते है, क्योंकि प्राधिकरण ने मौके पर सर्वे किए बिना हमारी आबादियों का अधिग्रहण कर लिया है। पीपी एक्ट के तहत हजारों मुकदमे चलाए जाते है। मुकदमों को वापस लिया जाए।

प्रेम सिंह भाटी ने कहा आबादियों को जहां है जैसी है के आधार पर छोड़ा जाए। साल 1997 से पहले किसानों को पांच प्रतिशत विकसित भूखंड नहीं दिए जाते थे।

पहले नोएडा की आवासीय योजना में किसानों को आरक्षण दिया जाता था, लेकिन अब पात्र किसान लाभ से वंचित हैं।

### युवक का अपहरण कर मारपीट करने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक का अपहरण कर मारपीट करने एक आरोप लगा है। आरोपी है कि आरोपी बेहोशी की हालत में पीड़ित को सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। खेड़ी गांव निवासी मोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि 12 दिसंबर की रात उसके भाई मनीष कुमार के मोबाइल पर गांव भनौता निवासी निक्की और देव का फोन आया। कुछ ही देर में निक्की, देव और उनके साथ आए अन्य लोग बाइक और दो गाड़ियों में सवार होकर पीड़ित के घर पहुंच गए। आरोप है कि सभी आरोपी हथियार और रॉड लेकर घर में घुस आए। आरोपियों ने मनीष घर से खींचकर बाहर निकाला। इस पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर बाद पुलिस की मौजूदगी में पीड़ित के फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। कॉल पर बताया कि मनीष गंभीर रूप से घायल अवस्था में वैदपुरा स्थित एक स्कूल के सामने पड़ा है। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी कार में बैठाकर युवक को ले गए। पिटाई के बाद छोड़ दिया।

# मृतक सफाईकर्मियों के परिवारों को मुआवजा नहीं

## एडवा-सीटू प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा में मृतक सफाई कर्मचारियों के परिवारों को न्याय और मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति (एडवा) और सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) गौतम बुद्ध नगर का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिलाधिकारी मेघा रूपम से मिला। एडवा की राष्ट्रीय नेत्री साहिबा फारूकी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जानकारी दी।

ज्ञापन में बताया गया कि 3 मई 2023 को नोएडा के सेक्टर-26 स्थित मकान नंबर ए-94 में सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय कोकन मंडल और नूनी मंडल की मृत्यु हो गई थी। दोनों मृतक पश्चिम बंगाल के निवासी थे और सेक्टर-9 नोएडा की झुग्गी बस्ती में प्रवासी मजदूर के रूप में कार्यरत थे। इस घटना को लगभग दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन मृतक कर्मचारियों के परिवारों को मकान मालिक, नोएडा प्राधिकरण, श्रम विभाग या जिला प्रशासन की ओर से अब तक कोई आर्थिक सहायता या मुआवजा नहीं मिला है। प्रतिनिधिमंडल ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लेख करते हुए मांग की कि मृतक कर्मचारियों के परिवारों को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

इसके अतिरिक्त, उनकी विधवाओं और परिजनों के पुनर्वास की उचित व्यवस्था करने की भी मांग की गई।

# गन्ने के खेत में मिली लाश की गुत्थी सुलझी, हत्या का केस दर्ज

## डेढ़ माह से लापता रघुनंदन की हुई शिनाख्त, गांव के ही दो युवक हिरासत में

**पीलीभीत।** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र में गन्ने के खेत से मिले मानव अवशेषों की गुत्थी आखिरकार सुलझ गई। पुलिस ने अवशेषों की शिनाख्त नवदिया दुर्जनपुर निवासी रघुनंदन के रूप में कर ली है। परिजनों की तहरीर पर गांव के ही दो युवकों के खिलाफ हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंकने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ शुरू कर दी है।

### दीपावली के बाद लापता, फिर डेढ़ माह बाद मिली सच्चाई

मृतक रघुनंदन दीपावली के अगले दिन 21 अक्टूबर को घर से निकले थे, लेकिन फिर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने रिश्तेदारी और संभावित स्थानों पर काफी तलाश की, पर कोई सुराग नहीं मिला। अंततः 23 अक्टूबर को थाना सेहरामऊ उत्तरी में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

### 8 दिसंबर को खेत में मिले मानव अवशेष, इलाके में मचा हड़कंप

करीब डेढ़ महीने बाद 8 दिसंबर को नवदिया दुर्जनपुर के पास एक गन्ने के खेत में मानव अवशेष मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों और कपड़ों को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास तेज किए। शव की पहचान के लिए पुलिस ने गांव के चुन्नीलाल और उसके भाई के ब्लड सैंपल डीएनए जांच हेतु भेजे थे। इसी बीच पुलिस को ऐसे अहम तथ्य और साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर अवशेषों की शिनाख्त रघुनंदन के रूप में कर ली गई।

### हत्या कर शव खेत में फेंकने का आरोप, एफआईआर दर्ज

चुन्नीलाल की तहरीर पर पुलिस ने सोनपाल और सोनू के खिलाफ हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंकने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है और उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी वारदात का जल्द ही खुलासा किया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए ठोस साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। डेढ़ महीने की अनिश्चितता के बाद सच्चाई सामने आने से जहां परिजनों को उत्तर मिला है, वहीं पुलिस के सामने अब इस जघन्य वारदात की पूरी परतें खोलने की चुनौती है।

# मैनपुरी में विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

**मैनपुरी।** मैनपुरी के कुर्रा थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिला है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोग जमा हो गए। कुर्रा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की पहचान चंद्रपुर बोझी निवासी गंगा देवी (पत्नी रामानंद) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, गंगा देवी की शादी करीब 10 महीने पहले हुई थी। उसका पति रामानंद दिल्ली में मजदूरी करता है, जबकि गंगा देवी अपने ससुराल में ही रह रही थी। बताया जा रहा है कि सुबह काफी देर तक गंगा देवी कमरे से बाहर नहीं आई। परिजनों ने अंदर जाकर देखा तो उसका शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। यह दृश्य देखकर परिवार के लोग परेशान हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर कुर्रा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# भरा-पचपेड़ा में निर्माण कार्यों का राज्यमंत्री ने किया औचक निरीक्षण

## गुणवत्ता से समझौते पर सख्त निर्देश



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश संजय सिंह गंगवार ने सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह के साथ भरा-पचपेड़ा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। राज्यमंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों की नियमित जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाए, जो प्रत्येक सप्ताह अपनी जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इसके साथ ही राज्यमंत्री ने उप जिलाधिकारी अमरिया को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को शीघ्र चिन्हित कर उन्हें कब्जा मुक्त कराया जाए। वहीं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को सड़कों की गुणवत्ता की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, क्षेत्राधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शार्ट न्यूज

## कल कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा पेंशनर दिवस, समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था

**पीलीभीत।** कोषागार पीलीभीत से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया गया है कि जिलाधिकारी के आदेश दिनांक 10 दिसंबर 2025 के क्रम में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी 17 दिसंबर 2025 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया जाएगा।पेंशनर दिवस का आयोजन गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट पीलीभीत में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी, जबकि आयोजन का समन्वय जनपद के वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा किया जाएगा। पेंशनर दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष भी उपस्थित रहेंगे, ताकि पेंशनरों से संबंधित ऐसी समस्याएं जिनका निस्तारण विभागीय स्तर पर किया जाना है, उनकी सुनवाई कर यथासंभव त्वरित एवं समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। अधिक जानकारी के लिए पेंशनरों से वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय, पीलीभीत से संपर्क करने की अपील की गई है।

## कल महिला आयोग की जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं की समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण

**पीलीभीत।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से 17 दिसंबर 2025 को जनपद पीलीभीत में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्यगण द्वारा जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।जनसुनवाई प्रातः 11 बजे गोमती सभागार, विकास भवन पीलीभीत में आयोजित होगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं जैसे ससुराल में उत्पीड़न, दहेज मांग के कारण मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना, मारपीट, यौन उत्पीड़न सहित अन्य महिला संबंधित मामलों को आयोग के समक्ष रख सकेंगी। आयोग द्वारा मामलों की गंभीरता से सुनवाई कर त्वरित निस्तारण की कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी ने बताया कि जनसुनवाई के उपरांत महिला आयोग की सदस्यगण द्वारा विकासखंड मरौरी में अपराह्न 2: 30 बजे से जन चौपाल का आयोजन भी किया जाएगा। जन चौपाल में सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी महिलाओं को दी जाएगी।

## युवती ने सिपाही पर बरसाए थप्पड़

**गोरखपुर।** गोरखपुर में युवती ने सिपाही की वर्दी नोच दी। फिर अपने कपड़े फाड़कर सिपाही के 4 सेकेंड में 3 थप्पड़ मारे। सिपाही को धक्का देकर गिराने की कोशिश की। हंगामा बढ़ता देख सिपाही वहां से भाग गया। सिपाही ने अपने अफसरों को सूचना दी। फिर पुलिस ने युवती समेत 4 लोगों को अरेस्ट कर लिया। पुलिस का दावा है कि युवती और उसके साथी शराब पीकर हंगामा कर रहे थे। सिपाही उन्हें शांत कराने पहुंचा तो उसके साथ अभद्रता की। पुलिस ने 2 महिलाओं और 2 पुरुष का शांति भंग में चालान कर कोर्ट में पेश किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला कैंट थाना क्षेत्र का है। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह के मुताबिक, 28 नवंबर को पुलिस को सूचना मिली कि इंजीनियरिंग कालेज के पास एक मॉडल शॉप के बाहर कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं। इंजीनियरिंग कॉलेज चौकी का सिपाही मौके पर पहुंचा। दावा किया कि यहां सिपाही ने हंगामा करने वाली लड़की को समझाने की कोशिश की। मगर वह सिपाही पर भड़क गई। उसने अपनी कुर्ती फाड़ ली। इसके बाद सिपाही से भिड़ गई। सिपाही के 3 थप्पड़ मारे। उसकी वर्दी नोच दी। फिर सिपाही को धक्का दे दिया। इससे सिपाही जमीन पर गिरते-गिरते बचा।

## कोहरे के कारण गति सीमा घटाई गई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में घने कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों की गति सीमा कम कर दी गई है। यह व्यवस्था 15 दिसंबर 2025 की रात 11 बजे से 15 फरवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। यह एडवाइजरी ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-9 पर लागू होगी। कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते होने वाले हादसों को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इन मार्गों पर भारी वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 40 किलोमीटर प्रति घंटा और हल्के वाहनों के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। एसीपी ट्रैफिक ज़ियाउद्दीन अहमद ने बताया कि वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि कोहरे में कम दृश्यता के कारण तेज गति से वाहन चलाना बेहद खतरनाक हो सकता है। एसीपी ट्रैफिक ने यह भी बताया कि ट्रैफिक पुलिस सड़कों पर मुस्तैद रहेगी। पुलिस विशेष रूप से व्यावसायिक वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टिव टेप लगाएगी, ताकि पीछे से आने वाले वाहन चालकों को आगे चल रहे वाहन समय पर दिखाई दे सकें।

## गाजियाबाद में कोहरे से 11 वाहन टकराए

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वेव सिटी थाना क्षेत्र में घने कोहरे के कारण ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। सुबह के समय हुई इस दुर्घटना में एक के बाद एक 11 वाहन आपस में टकरा गए, जिससे चार लोग घायल हो गए। यह हादसा सुबह के समय बेहद कम दृश्यता की वजह से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक्सप्रेसवे पर कोहरा इतना घना था कि कुछ मीटर आगे तक भी देखना मुश्किल था। इसी दौरान सामने चल रहे वाहनों के अचानक ब्रेक लगने से पीछे से आ रहे वाहन समय पर रुक नहीं पाए और आपस में टकराते चले गए। इस टक्कर में कई कारें और ट्रक शामिल थे। हादसे के बाद ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और डीएमई पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सूचना मिलते ही एनएचएआई की टीम और ट्रैफिक पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को क्षतिग्रस्त वाहनों से बाहर निकालकर तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। उन्हें दासना स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# बदमाशों से भिड़े लड़के की सीने में गोली मारकर हत्या

**चंदौली।** चंदौली में बदमाशों ने एक 17 साल के लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी।

5-6 बदमाश एक घर में चोरी करने घुसे थे। बक्सा चोरी कर ले जाते समय लड़का उनसे भिड़ गया। करीब 5 मिनट तक उसका बदमाशों से संघर्ष हुआ।

एक बदमाश को उसने पकड़ भी लिया। खुद को फंसता देख बदमाशों ने लड़के को गोली मार दी। इसके बावजूद लड़के ने बदमाश को अपनी पकड़ से छूटने नहीं दिया। उधर, गोली की आवाज सुनकर गांववाले दौड़कर मौके पर पहुंचे।

लेकिन, लोगों के पहुंचने के पहले बदमाश भाग गए। हालांकि, लड़के ने एक बदमाश को पकड़े रखा। गांववालों ने बदमाश को पकड़ लिया, बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

# एल.एच. चीनी मिल पीलीभीत गेट का उप चीनी आयुक्त ने किया निरीक्षण

**पीलीभीत।** उप चीनी आयुक्त, बरेली मंडल द्वारा एल.एच. चीनी मिल, पीलीभीत गेट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गन्ना लेकर आने वाले किसानों की सुविधाओं का जायजा लिया और किसान विश्रामालय एवं कैंटीन का भी निरीक्षण किया।



निरीक्षण में पाया गया कि किसानों की सुविधा के लिए विश्रामालय में तख्त एवं गद्दों की व्यवस्था की गई है। साथ ही सर्दी से बचाव हेतु रूम हीटर भी लगाए गए हैं, जिससे किसानों को ठंड के मौसम में किसी प्रकार की असुविधा न हो। किसानों के लिए कैंटीन की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है, जहां उन्हें भोजन एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा मिल परिसर में आने-जाने वाले सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं, जिससे रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।उप चीनी आयुक्त ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पीलीभीत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कुरैया स्टेशन के सामने तेंदुए की चहलकदमी, वीडियो वायरल

## महादेव रोड पर रात में दिखा तेंदुआ, आसपास के गांवों में दहशत का माहौल

**पीलीभीत।** जनपद में जंगली जानवरों की बढ़ती आवाजाही ने एक बार फिर लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रविवार रात कुरैया स्टेशन के सामने महादेव रोड पर एक तेंदुआ खुलेआम चहलकदमी करता दिखाई दिया। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने तेंदुए को देखकर दहशत में आकर उसका वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होते ही गांवों में फैली दहशत तेंदुए की मौजूदगी की खबर फैलते ही कुरैया, मनहरिया, टांडा और महादेव गांवों के ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया।

लोग देर रात घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं और बच्चों व मवेशियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। आबादी वाले इलाकों में जंगली जानवरों की आमद बढ़ी थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में जंगली जानवरों का रिहायशी इलाकों तक पहुंचना अब कोई नई बात नहीं रह गई है।

जंगल से भटककर बाघ और तेंदुए जैसे खतरनाक वन्यजीव अक्सर आबादी के बीच पहुंच जाते हैं, जिससे हर बार किसी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि जंगली जानवरों की मौजूदगी से मानव जीवन पर सीधा खतरा बना हुआ है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और वन विभाग से इलाके में गश्त बढ़ाने, निगरानी कैमरे लगाने और तेंदुए को सुरक्षित रूप से पकड़कर जंगल में छोड़े जाने की मांग की है।

ग्रामीणों को उम्मीद है कि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# ललितपुर पुलिस ने साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक: लोगों को बचाव के तरीके बताए गए

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह, सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण के पर्यवेक्षण में जनपद ललितपुर की साइबर टीम द्वारा अपने -अपने थाना क्षेत्र में जनता के लोगो को साइबर अपराध एवं उससे बचाव हेतु लोगो को जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दी गई तथा साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में निम्न जानकारियाँ दी गई, डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया । किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोड न करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें ।

# खोए मोबाइल फोन की शिकायत अब आसान, पुलिस ने 03 के चेहरे पर लौटाई मुस्कान

**ललितपुर।** जाखौरा पुलिस की साइबर सेल टीम ने तकनीकी सूझबूझ से चोरी हुए 03 मोबाइल किए बरामद हैं। गुम हुए फोन पुलिस ने उनके मालिकों को लौटाया है। इन मोबाइल फोनों की कीमत 38,780 रुपये तक है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पर जनसुनवाई/पोर्टल पर गिरे / खोये हुए मोबाइल फोन के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों में नियमानुसार गुमशुदगी अंकित की गयी थी । थाना जखौरा पुलिस की साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रपत्रों का अवलोकन कर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुए भारत सरकार द्वारा संचालित CEIR पोर्टल पर सम्बंधित मोबाइल फोन की डिटेल अपलोड कर सम्बंधित एजेंसियों के माध्यम से प्राप्त डेटा का अवलोकन व विश्लेषण कर प्राप्त जानकारी के आधार पर 03 गिरे हुए / खोये हुए मोबाइल फोन्स बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया । पीड़ितों के मोबाइल फोन उन्हें वापस मिलने पर , उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक , ललितपुर व थाना जखौरा पुलिस की भूरि - भूरि प्रशंसा की गयी । बरामद करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वैस उ. नि. विवेक धामा हे.का. प्रेमबाबू का. मुकेश कुमार मोबाइल फोन गिरने/खोने पर क्या करें। प्ले स्टोर से PCOP ऐप डाउनलोड करें ।

# जयपुरिया में 2 दिवसीय फेस्ट ओजस का आगाज

**लखनऊ।** लखनऊ के जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में एनुअल फेस्ट ओजस का सोमवार को आगाज हुआ। इस दौरान रंगों, धुनों और ऊर्जा से कैंपस का माहौल लबरेज रहा। ओजस में स्टूडेंट्स की खुद का टैलेंट और इनोवेशन को दर्शाने का मौका मिलता है। इस साल की थीम, रंगताल - द इंडियन कार्निवल है। ओजस के 2025 संस्करण में देश भर के अग्रणी संस्थानों हिस्सा ले रहे हैं। जिन्हें 2 दिनों के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और रोमांचक प्रतियोगिताओं का शानदार अनुभव मिलेगा। दो दिनों के इस इवेंट के लिए कैंपस को चमकदार रंगों, कार्निवल स्टाइल के रोमांचक सेटअप से सजाया गया है।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय क्योलारा का किया औचक निरीक्षण, चहारदीवारी निर्माण के दिए निर्देश

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सोमवार को विकासखंड अमरिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय क्योलारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या की जानकारी ली और शैक्षिक व भौतिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने विद्यालय के किचन, भोजन कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर की उपलब्धता सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच की। साथ ही उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण शीघ्र कराया जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।



# नई पुलिस चौकी का शुभारंभ, मिशन शक्ति के तहत एसपी व छात्राओं ने किया उद्घाटन

ललितपुर। बानपुर नई पुलिस चौकी कस्बा बानपुर का विधिवत उद्घाटन किया गया। मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत इस चौकी का उद्घाटन क्षेत्र की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक के साथ किया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा थाना बानपुर क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित कस्बा बानपुर पुलिस चौकी का पूर्ण विधि-विधान पूर्वक, मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत छात्राओं से फीता कटवाकर उद्घाटन किया गया । पुलिस अधीक्षक , द्वारा बताया गया कि, इस नई पुलिस चौकी की स्थापना से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था में मजबूती एवं त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित हो सकेगी । चौकी के निर्माण से क्षेत्र में घटित होने वाले अपराध में कमी आयेगी तथा अपराध नियंत्रण में सहयोग मिलेगा । उन्होंने पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की और जनता से सहयोग की अपील की। तत्पश्चात एसपी द्वारा उपस्थित व्यापारीगण/संभान्त नागरिकों से वार्ता की गयी और साइबर अपराध, मिशन शक्ति, यातायात नियम, बाल विवाह आदि के प्रति जागरूक किया गया । यातायात जागरुकता अभियान। पुलिस अधीक्षक द्वारा यातायात नियमों के बारे में निम्न जानकारी देकर किया गया जागरुक, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट व चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सके । वाहनों पर निर्धारित संख्या में ही सवारियों को बैठाएं तथा नियंत्रित गति से वाहन चलाएं । शराब इत्यादि का नशा करके वाहन न चलाये । सभी प्रकार के वाहनों पर निर्धारित मानक के अनुरुप नम्बर प्लेट लगाएं । ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन न चलाये वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करें।



# सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर के सबूत मांगेगा ट्रस्ट

**अयोध्या।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर के सबूत और दस्तावेज वापस लेने का फैसला लिया है। राम मंदिर-बाबरी मस्जिद विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने इन्हीं सबूतों के आधार पर फैसला सुनाया था। इन सबूतों और दस्तावेजों को राम मंदिर कैंपस में बन रहे म्यूजियम में रखा जाएगा। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन और पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्र ने कहा- पुरातत्व विभाग की खोदाई में मिले सभी साक्ष्य फिलहाल सुप्रीम कोर्ट के पास सुरक्षित हैं। अब राम मंदिर ट्रस्ट सुप्रीम कोर्ट को लेटर लिखकर दस्तावेज सौंपने का अनुरोध करेगा। नृपेंद्र मिश्र ने कहा- अब फैसले को चुनौती देने वाला कोई नहीं है। सभी ऐतिहासिक साक्ष्य राम मंदिर परिसर में बन रहे संग्रहालय में संरक्षित किए जाएंगे।

# एसपी ने बानपुर थाने का किया आकस्मिक निरीक्षण

## जनता की सेवा में बेमिसाल योगदान, दो चौकीदारों हुए सम्मानित, एसपी ने दिया नकद पुरस्कार

**ललितपुर।** बानपुर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय में साफ-सफाई, कार्यालय से सम्बन्धित अभिलेखो के रखरखाव व अद्धतन स्थिति को चैक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । थाना बानपुर परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, आगन्तुकगण व अधि0/कर्म0गण की मूलभूत सुविधायें का निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को उचित रूप से परिसर की साफ, स्वच्छ एवं हरित रखने हेतु निर्देशित किया गया है ।



मिशन शक्ति केन्द्र। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता तथा परामर्श से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया । मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों के रखरखाव एवं शिकायत निस्तारण की स्थिति को गहनता से देखा गया तथा अधि0/कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि महिला सम्बन्धी शिकायती प्रार्थना पत्रों पर पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा निर्गत डीजी परिपत्र में निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन , करना सुनिश्चित करें । निरीक्षण के दौरान महोदय ने संबंधित कर्मचारियों को महिला सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए । साथ ही, मिशन शक्ति अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए गए। महिला सम्बन्धी अपराधों से सम्बन्धित विवेचनात्मक कार्यवाही में वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन जैसे एफएसएल, सर्विलांस, साइबर आदि से सम्बन्धित साक्ष्यों का अनिवार्य रूप से सम्मिलित करना सुनिश्चित करें ।

जनपद के सभी मिशन शक्ति केन्द्र के लिये सीयूजी नम्बर आबंटित किया गया है, जिसका व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा प्राप्त शिकायतों का उचित, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि वह नियमित रूप से एण्टीरोमियों की टीम द्वारा की जा रही चैकिंग का मानिटरिंग करना सुनिश्चित करें ।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश में बढ़ी हिंसा-उम्मीदवार पर गोलीबारी, चुनाव आयोग ने शीर्ष अधिकारियों के लिए मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में एक बार फिर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच चुनाव आयोग ने अपने शीर्ष अधिकारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है। चुनाव आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त, अन्य आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त एस्कॉर्ट वाहन की मांग की है। यह मांग ऐसे समय की गई है, जब आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल के जुलाई आंदोलन के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। वह अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहे थे, तभी उन पर नजदीक से हमला हुआ। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद दो जिलों, लक्ष्मीपुर और पिरोजपुर, में उसके दफ्तरों पर भी हमले हुए हैं। इसके चलते आयोग ने देशभर में अपने क्षेत्रीय, जिला और उप-जिला कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि वहां चुनाव से जुड़े अहम दस्तावेज और सामग्री रखी जानी है। अंतरिम सरकार ने हालात को देखते हुए देशभर में ऑपरेशन डेविल हंट-2 शुरू किया है। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस देने का भी आश्वासन दिया गया है। वहीं विपक्षी दल बीएनपी ने सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमले के दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### यूक्रेन युद्ध में सबसे खतरनाक काम करते थे उत्तर कोरियाई सैनिक, तानाशाह किम जोंग ने खुद कबूला

**प्योंगयांग, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध में उत्तर कोरियाई सैनिकों की मौजूदगी ने एक वक्त पर जमकर सुर्खियां बटोरीं थीं। अब इन सैनिकों के बारे में उनके तानाशाह ने खुलासा किया है कि इन्होंने कैसे युद्ध क्षेत्र का सबसे मुश्किल काम किया। तानाशाह किम के मुताबिक इस साल की शुरुआत में कुर्स्क क्षेत्र में भेजे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों ने यहां पर बारूदी सुरंगे हटाने का काम किया, जिसकी वजह से हजारों रूसी सैनिकों की जान बची। शनिवार को उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया पर प्रसारित एक कार्यक्रम में किम जोंग उन ने रूस से वापस लौटे अपने इन सैनिकों की सराहना की। तानाशाह ने कहा, अगस्त से शुरू हुई 120 दिनों की तैनाती के दौरान हमारे सैनिकों ने अभूतपूर्व साहस दिखाया। चाहे अधिकारी हों या सैनिक सभी ने लगभग हर दिन अपनी कल्पना से परे मानसिक और शारीरिक दबावों पर काबू पाते हुए सामूहिक वीरता का परिचय दिया। बारूदी सुरंगे हटाने के काम के दौरान यह लोग अपने शहरों और गांवों को पत्र भी भेजते थे। किम ने आगे कहा, तीन महीने से भी कम समय में हमारे सैनिकों ने एक बड़े खतरनाक क्षेत्र को रूसी सेना के लिए पूरी तरह से सुरक्षित कर दिया। इसमें हमारे जिन भी सैनिकों की जान गई है। उनकी बहादुरी को हमेशा के लिए अमर बनाने के उद्देश्य से राज्य उनको सम्मान प्रदान करेगा। सरकारी मीडिया की तरफ से जारी की गई फोटोस में किम साफ तौर पर वापस आए सैनिकों को गले लगाते हुए देखे जा सकते हैं। इनमें से कुछ सैनिक घायल और व्हील चेयर पर भी दिखाई दिए। इससे पहले, उत्तर कोरिया शुरुआत से ही पुतिन की मदद के लिए कुर्स्क क्षेत्र में सैनिक भेज रहा है। पश्चिमी खुफिया एजेंसियों के मुताबिक इस युद्ध में उत्तर कोरिया ने हजारों सैनिक भेजे हैं। इसके बदले में रूस उसकी वित्तीय सहायता, सैन्य तकनीक, खाद्य सामग्री और ऊर्जा आपूर्ति में मदद कर रहा है। इसकी वजह से अपने परमाणु कार्यक्रम के कारण अलग-थलग पड़े इस देश को अपने अभियान चलाने में मदद मिल रही है।

### इमरान खान को डराने के लिए..., जनरल फैज हमीद की सजा पर सिंध के नेता ने कहा

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** सिंध राष्ट्रवादी नेता शफी बुरफत ने पाकिस्तानी सैन्य अदालत द्वारा जनरल फैज हमीद को 14 साल की सजा सुनाए जाने की तीखी आलोचना की है। उन्होंने इसे सैन्य ड्रामा करार देते हुए आरोप लगाया कि यह सजा सैन्य प्रभाव को बढ़ाने और राजनीतिक दबाव बनाने का एक षड्यंत्र है, खासकर इमरान खान जैसे नेताओं को डराने के लिए। बुरफत ने कहा कि इस सजा का उद्देश्य असल में जवाबदेही नहीं, बल्कि राजनीति में सैन्य दखल को और मजबूत करना है। उन्होंने 1971 के बंगाल नरसंहार और बलात्कार के मामले का जिक्र करते हुए पाकिस्तान की सेना पर आरोप लगाया कि उसने अपने उच्च अधिकारियों को कभी जवाबदेह नहीं ठहराया। बुरफत ने पाकिस्तान की सैन्य संलिप्तता के मामलों का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो की न्यायिक हत्या, बेनजीर भुट्टो की हत्या और पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान की हत्या में सेना की भूमिका पर सवाल उठाया। साथ ही, बुरफत ने पाकिस्तान के सैन्य शासन को सिंध, बलूचिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि पाकिस्तानी सेना वैश्विक शक्तियों के लिए एक हथियार बन चुकी है।

# अमेरिका में फिर गोलीबारी; ब्राउन यूनिवर्सिटी में चलीं गोलियां, दो की मौत आठ घायल

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ लोग घायल हुए हैं। जांच अधिकारियों ने अभी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी के इलाके में कई लोगों को गोली मारी गई। इसके बाद आइवी लीग स्कूल ने शूटर अलर्ट जारी किया और छात्रों और स्टाफ से सुरक्षित जगह शरण लेने की अपील की। पुलिस ने तुरंत पीड़ितों की संख्या, उनकी हालत या गोलीबारी की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

**यूनिवर्सिटी ने इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम से जारी किया अलर्ट :** ब्राउन यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम के जरिए जारी अलर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और स्टाफ को बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में कहा कि ऐसा नहीं है और पुलिस अभी भी संदिग्धों की तलाश कर रही है।

**राष्ट्रपति ट्रंप को भी दी गई है गोलीबारी की जानकारी :** स्थानीय नेता जॉन गोंसाल्वेस ने कहा, हमें अभी भी इस बारे में जानकारी मिल रही है कि क्या हो रहा है। हमने लोगों से अपने खिड़की-दरवाजे बंद रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने घटना पर दुख जताया। रिपोर्ट के अनुसार,




गोलीबारी बारस और हॉली बिल्डिंग के पास हुई, जो एक सात मंजिला कॉम्प्लेक्स है, जिसमें यूनिवर्सिटी का स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग और भौतिकी विभाग है। यूनिवर्सिटी की वेबसाइट के अनुसार, बिल्डिंग में 100 से ज़्यादा लैबोरेटरी, दर्जनों क्लासरूम और ऑफिस हैं। जब गोलीबारी हुई, तब बिल्डिंग में इंजीनियरिंग डिजाइन की परीक्षा चल रही थी। राष्ट्रपति ट्रंप को भी गोलीबारी की घटना के बारे में जानकारी दी गई है।

**काले कपड़ों में आया और बरसाने लगा गोलियां: अमेरिकी यूनिवर्सिटी गोलीकांड पर क्या बोले अधिकारी: प्रोविडेंस शहर , एजेंसी।** रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने कहा, जो सोचा भी नहीं जा सकता था, वही हो गया है। प्रोविडेंस के मेयर ब्रेट स्माइली ने कहा कि लोगों को अपने घरों या इमारतों के अंदर ही रहने को कहा गया है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर के पास रहने वाले लोगों से खतरा खत्म होने तक बाहर न निकलने और आदेश खत्म होने तक घरों में ही रहने की अपील की। स्माइली ने कहा, हम संदिग्ध को पकड़ने के लिए सभी उपलब्ध संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। केमिकल इंजीनियरिंग की छात्रा एमा फेरारो इंजीनियरिंग बिल्डिंग की लॉबी में फाइनल प्रोजेक्ट पर काम कर रही थीं, तभी उन्होंने पूर्व दिशा से तेज आवाजें सुनीं। जब उन्हें समझ आया कि ये गोलियों की आवाज है, तो वह दरवाजे की ओर भागीं और पास की एक इमारत में चली गईं, जहां उन्होंने कुछ घंटों तक इंतजार किया।

अस्पताल की प्रवक्ता केली ब्रेनन के मुताबिक, गोली लगने से घायल आठ लोगों को रोड आइलैंड अस्पताल ले जाया गया। इनमें से छह की हालत गंभीर है, लेकिन स्थिर है। एक अन्य की हालत गंभीर है और एक की हालत स्थिर बताई गई है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और कर्मचारियों से कहा था कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में बताया कि ऐसा नहीं है। मेयर ने कहा कि शुरू में एक व्यक्ति को इस गतिविधि में शामिल समझकर रोका गया था, लेकिन बाद में यह स्पष्ट हुआ कि उसका इस घटना से कोई संबंध नहीं है।

गोलीबारी के करीब पांच घंटे बाद टैक्टिकल गियर पहने पुलिसकर्मियों ने परिसर की इमारतों से कुछ छात्रों को बाहर निकालकर एक फिटनेस केंद्र में पहुंचाया। यह गोलीबारी बारस और हॉली इमारत में हुई, जो सात मंजिला परिसर है और जिसमें इंजीनियरिंग स्कूल और भौतिकी विभाग स्थित हैं। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के अनुसार, इस इमारत में 100 से ज्यादा प्रयोगशालाएं, दर्जनों कक्षाएं और कार्यालय हैं।

## 75 साल की दोस्ती को नया आयाम, भारतीय राजदूत बोले- रिश्तों को नए स्तर पर ले जाने का अवसर

**अम्मान , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 और 16 दिसंबर को जॉर्डन के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। यह उनका जॉर्डन का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा। इस दौरे को भारत और जॉर्डन के बीच रिश्तों के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। ऐसे में पीएम मोदी के इस दौरे को लेकर जॉर्डन में भारत के राजदूत मनीष चौहान ने कहा है कि यह यात्रा दोनों देशों की दोस्ती को और मजबूत करने के साथ-साथ रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जाने का अवसर है।उन्होंने कहा कि यह दौरा ऐसे समय हो रहा है जब भारत और जॉर्डन अपने राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। चौहान ने कहा कि यह मौका ऐतिहासिक है और इस वर्ष की सबसे यादगार घटनाओं में से एक होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 15 दिसंबर को जॉर्डन पहुंचेंगे और 16 दिसंबर तक वहां रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह इस सदी में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला ऐसा दौरा है।

**2018 में जॉर्डन गए थे पीएम मोदी, लेकिन :** बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी 2018 में जॉर्डन सिर्फ ट्रांजिट (रुकते हुए) आए थे। यह यात्रा जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय के निमंत्रण पर हो रही है। राजदूत ने कहा कि यह दौरा भारत-जॉर्डन संबंधों और पूरे क्षेत्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। इस दौरान दोनों देश न



सिर्फ अब तक की मजबूत दोस्ती पर चर्चा करेंगे, बल्कि भविष्य में सहयोग को और आगे बढ़ाने पर भी बात करेंगे।

**जॉर्डन में पीएम मोदी की कार्यक्रम :** राजदूत चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। वे जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में राजनीतिक, आर्थिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक सहयोग सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। दोनों नेता क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी और किंग अब्दुल्ला द्वितीय भारतङ्कजॉर्डन बिजनेस इवेंट को भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री जॉर्डन में रहने वाले भारतीय समुदाय से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और जॉर्डन के रिश्ते हमेशा से दोस्ताना और मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के नेताओं के बीच अच्छा तालमेल है। आर्थिक क्षेत्र में भी दोनों देशों के संबंध मजबूत हैं।

## अमेरिकी यूनिवर्सिटी में इमिग्रेशन रेड्स से बचने के लिए छात्रों ने निकाला जुगाड़

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के लोयोला यूनिवर्सिटी शिकागो के छात्र ट्रंप सरकार की इमिग्रेशन रेड्स को डॉक्यूमेंट करने में जुटे हैं। दरअसल ये छात्र एक गूगल मैप अपडेट कर रहे हैं, जहां हर लाल पिन कैंपस और आसपास के इलाकों में फेडरल इमिग्रेशन एजेंट्स की साइटिंग को दिखाता है। इससे लोगों को रियल टाइम में पता चल जाता है कि कैंपस के किस इलाके में इमीग्रेशन की रेड चल रही है या फिर सरकारी एजेंट मौजूद हैं।

**ट्रंप की प्रेसिडेंसी में नया रोल :** ये युवा छात्र और पत्रकार इमिग्रेशन रेड्स को डॉक्यूमेंट कर रहे हैं। उनका मकसद ऑनलाइन अफवाहों को फैक्ट्स से चुनौती देना और लोगों को उन इलाकों का मैप देना है जहां एजेंट्स ज्यादा सक्रिय हैं, ताकि हाल के महीनों में फैली दहशत कम हो। ट्रंप के व्हाइट हाउस लौटने के बाद उनकी सरकार ने बड़े इमिग्रेंट समुदायों वाले शहरों में आक्रामक स्वीप्स शुरू किए, ताकि गैरकानूनी रहने वालों को डिपोर्ट करने का कैंपेन वादा पूरा हो सके। शिकागो इसमें प्रमुख शहर है। डीएचएस का कहना है कि वे हिंसक अपराधियों को टारगेट कर रहे हैं, और अब तक 4,300 से ज्यादा गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। एक स्पोक्सपर्सन ने कहा, हमारे प्रयास जारी हैं, हम शिकागो को नहीं छोड़ रहे। ऑपरेशन से पहले ही विश्वविद्यालय कैंपस पर अफवाहें फैल चुकी थीं। महीनों पहले यूएस सेंसस ब्यूरो का एक व्यक्ति डॉर्म में आया, तो झूठी खबर फैली कि आईसीई आ गया। छात्रों ने द फीनिक्स स्टाफ से पूछा कि क्या ये सच है। लोयोला यूनिवर्सिटी लंबे समय से गैरकानूनी इमिग्रेंट्स को जगह देती रही है, खासकर डाका छात्रों को जो बच्चे के रूप में अमेरिका आए। ये यूनिवर्सिटी का सोशल जस्टिस मिशन है। अक्टूबर की शुरुआत में दो छात्रों ने गूगल मैप शुरू किया। इसमें रियल टाइम में हर पिन फोटो, टाइमस्टैम्प्ड वीडियो या कई गवाहों से वेरिफाई की जाती है। ये पिन्स लोगों को बताते हैं कि एजेंट्स कहां इकट्ठा हो रहे हैं। मसलन नोट्स में डिटेल्स कुछ ऐसे होते हैं, 12 अक्टूबर को वेस्ट नॉर्थ शोर एवेन्यू पर आर्म्ड एजेंट्स स्पॉट हुए, 21 अक्टूबर को नॉर्थ लिंकन एवेन्यू होम डिपो पर गिरफ्तारी हुई। डीएचएस ने इनकी पुष्टि की है।

## महिला बनती है दूल्हा, पार्टी भी असली; पाकिस्तान में युवा कर रहे हैं फेक वेडिंग

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में इन दिनों फेक वेडिंग (नकली शादी) का चलन तेजी से बढ़ रहा है। यह एक ऐसा संगठित सामाजिक कार्यक्रम है जो लोगों को शादी से जुड़ी आजीवन प्रतिबद्धता या पारिवारिक दबावों के बिना शानदार जश्न मनाने और सामाजिक मेलजोल का मौका देता है। पहली नजर में, शादी का मंच आम पाकिस्तानी मेहंदी जैसा दिखता है। गेंदे के फूलों से सजा, दूल्हा-दुल्हन के बैठने की जगह चमकीले पीले रंगों से सजी हुई दिखती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दूल्हा एक महिला होती है। यह समलैंगिक विवाह नहीं, बल्कि एक फेक वेडिंग है, जो युवाओं को सामाजिक दबाव से मुक्त होकर एक शानदार रात का आनंद लेने का अवसर देती है। 2023 से यह चलन जोर पकड़ रहा है। लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ



मैनेजमेंट साइंसेज द्वारा 2023 में आयोजित एक फेक वेडिंग को राष्ट्रीय और वैश्विक मीडिया पर काफी ध्यान मिलने के बाद इस तरह के आयोजनों की लोकप्रियता बढ़ गई थी। हालांकि इस ट्रेंड की लोकप्रियता युवाओं और प्रभावशाली लोगों के बीच बढ़ी, लेकिन मीडिया कवरेज के कारण इसे ऑनलाइन काफी आलोचना और विरोध का सामना भी करना पड़ा। एलयूएमएस छात्र परिषद के पूर्व अध्यक्ष सैराम एच. मिरान ने डॉयचे वेले को बताया कि घटना के फुटेज वायरल होने के बाद विश्वविद्यालय के छात्रों को ऑनलाइन ट्रोल झेलना पड़ा। उन्होंने कहा कि मीडिया और लोग अक्सर एलयूएमएस को एक अभिजात्य विश्वविद्यालय के रूप में देखते हैं, जो वास्तविकता से कटा हुआ है जिसके कारण नकारात्मक खबरें अधिक ध्यान आकर्षित करती हैं। विश्वविद्यालय छात्रों के लिए साप्ताहिक सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करता है और माना जाता था कि फेक वेडिंग समारोह, जश्न और मौज-मस्ती के लिए एक अधिक पारंपरिक और सामाजिक रूप से स्वीकृत स्थान प्रदान करते हैं। हालांकि, आलोचना के बाद, छात्र परिषद और विश्वविद्यालय ने छात्रों की सुरक्षा और गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती। महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान समाज के दबाव या परिवार की निगरानी के बिना शादी के उत्सवों का आनंद लेना ही इन फेक वेडिंग कार्यक्रमों का मुख्य आकर्षण है। यह महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस दौरान पारंपरिक पाकिस्तानी शादी का मेहंदी समारोह का आयोजन किया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से महिलाओं को मेहंदी लगाया जाता है।

## दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा: मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार, एक भारतीय भी शामिल; प्रशासन को जांच के आदेश

**जोहानसबर्ग , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल ऑफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे।

हालांकि, शनिवार दोपहर खराब मौसम के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन को



रोकना पड़ा। तेज बारिश और खराब हालात के चलते मलबे में काम करना बेहद मुश्किल हो गया। बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्टस में बताया गया था कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग मलबे में दबे हैं। ऐसे में जब ताजा अपडेट सामने आया तब इस बात की पुष्टि की गई कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। मृतकों में एक भारतीय भी शामिल बता दें कि मंदिर एक ढलान वाली पहाड़ी पर बनाया जा रहा था और इसमें चट्टानों का इस्तेमाल किया गया था, जिन्हें भारत से लाया गया और निर्माण स्थल पर खुदाई की गई थी। मंदिर का डिजाइन गुफा जैसा था और इसे भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक के लिए बनाया जा रहा था। हादसे में मारे गए लोगों में से एक 52 वर्षीय भारतीय मूल के विक्की जैरज पांडे हैं, जो मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। पांडे पिछले दो साल से मंदिर निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले में रिएक्शन यूनिट साउथ अफ्रीका के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हुए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद फिर से तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा। प्रशासन को मिले घटना के जांच के आदेश गौरतलब है कि इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं। स्थानीय लोग और मृतकों के परिजन गहरे सदमे में हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## नवाज शरीफ की 2017 में विदाई एक साजिश थी, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले- इसके पीछे फैज हमीद का हाथ

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को बड़ा दावा करते हुए कहा कि पूर्व आईएसआई प्रमुख फैज हमीद ही वर्ष 2017 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को सत्ता से हटाने के जिम्मेदार थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया एक सुनियोजित साजिश थी, जिसे फैज हमीद की निगरानी में अंजाम दिया गया। सियालकोट में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ख्वाजा आसिफ ने कहा कि फैज हमीद को 15 महीने तक चले सैन्य ट्रायल के बाद 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है और उनके खिलाफ अभी और भी मामलों में कानूनी कार्रवाई शुरू होनी बाकी है। एक स्थानीय अखबार के मुताबिक, रक्षा मंत्री ने कहा कि फैज हमीद के कृत्यों से देश को भारी नुकसान हुआ। आसिफ ने कहा कि नवाज शरीफ को सत्ता से हटाना, उनके खिलाफ मामले दर्ज करना, आरोप लगाना और फिर इमरान खान को सत्ता में लाना, यह सब प्रोजेक्ट इमरान का हिस्सा था, जिसे फैज हमीद चला रहे थे। उनके अनुसार, इस पूरे प्रोजेक्ट की निगरानी फैज हमीद कर रहे थे। नवाज शरीफ, जो पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं, जुलाई 2017 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पद से हटाए गए थे। यह उनके राजनीतिक करियर के लिए बड़ा झटका था। नवाज शरीफ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख रहे हैं। फिलहाल उनके छोटे भाई शहबाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री हैं और बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री हैं।

**फैज हमीद और इमरान खान ने देश को नुकसान पहुंचाया :** रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया कि फैज हमीद और उनके साझेदार इमरान खान ने मिलकर देश को गंभीर नुकसान पहुंचाया। इमरान खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं और उन पर कई मामले चल रहे हैं। आसिफ ने कहा कि 2018 के आम चुनावों में इमरान खान की जीत भी प्रोजेक्ट इमरान का हिस्सा थी। उन्होंने आरोप लगाया कि फैज हमीद उस सरकार का सबसे अहम चेहरा थे और उन्होंने राजनीतिक विरोधियों को धमकाने और जेल भेजने में अहम भूमिका निभाई। उनके अनुसार, इस पूरे दौर का सबसे बड़ा लाभ इमरान खान को मिला। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि फैज हमीद के कार्यकाल में संसद तक को निर्देश दिए जाते थे और देश के भविष्य से जुड़े फैसले प्रधानमंत्री आवास के पिछवाड़े में किए जाते थे। उन्होंने दावा किया कि फैज हमीद के तबादले के बाद उनका यह प्रोजेक्ट धीरे-धीरे बिखरने लगा।

भारत के साथ सैन्य टकराव पर ख्वाजा आसिफ का दावा रक्षा मंत्री ने एक विवादास्पद बयान में कहा कि अगर फैज-इमरान गठजोड़ अब भी मौजूद होता, तो शायद भारत के साथ सैन्य टकराव की जरूरत भी नहीं पड़ती, क्योंकि वे देश को भीतर से ही तबाह कर देते। गौरतलब है कि भारत ने 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया था।

## सीरिया हमले में तीन अमेरिकियों की मौत, भड़के ट्रंप; कहा- आईएसआईएस से लेंगे बदला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया में हुए एक हमले के बाद कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका इसका जवाब देगा। इस हमले में दो अमेरिकी सैनिकों और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई है। अमेरिका का आरोप है कि इस हमले के पीछे आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस/आईएसआईएस) का हाथ है।

**यह आईएसआईएस का हमला-ट्रंप :** शनिवार को व्हाइट हाउस से निकलते समय पत्रकारों से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, यह आईएसआईएस का हमला है और हम इसका बदला जरूर लेंगे। वह इस दौरान आर्मी-नेवी फुटबॉल मैच देखने के लिए बाल्टीमोर रवाना हो रहे थे। ट्रंप ने हमले में मारे गए तीनों अमेरिकियों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस हमले में घायल हुए तीन अन्य अमेरिकी फिलहाल ठीक हैं और उनकी हालत में सुधार हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, हम सीरिया में तीन महान अमेरिकी देशभक्तों, दो सैनिकों और एक नागरिक की मौत पर शोक व्यक्त करते हैं। साथ ही, हम तीन घायल सैनिकों के लिए प्रार्थना करते हैं, जिनकी हालत में अभी-अभी पुष्टि हुई है कि वे ठीक हैं। यह सीरिया के एक बेहद खतरनाक हिस्से में, जो पूरी तरह से उनके नियंत्रण में नहीं है, अमेरिका और सीरिया पर आईएसआईएस का हमला था। सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा इस हमले से बेहद नाराज और परेशान हैं। इसका कड़ा जवाब दिया जाएगा।

**अमेरिकियों पर कहां और कैसे हुआ हमला :** जानकारी के मुताबिक, सीरिया के मध्य हिस्से में शनिवार को हुए एक हमले में दो अमेरिकी सैनिकों और



एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई। इस हमले में तीन अन्य लोग घायल भी हुए हैं। अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने यह जानकारी दी। सेंटकॉम के अनुसार, यह हमला इस्लामिक स्टेट (आईएस) संगठन के एक अकेले हमलावर ने घात लगाकर किया। यह हमला राष्ट्रपति बशर अल-असद के सत्ता से हटने के एक साल बाद अमेरिकी बलों पर हुआ पहला घातक हमला है। यह हमला ऐतिहासिक शहर पालमायरा के पास हुआ। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी साना के मुताबिक, हमले में सीरियाई सुरक्षा बलों के दो जवान और कुछ अमेरिकी सैनिक भी घायल हुए। घायलों को हेलीकॉप्टर से इराक और जॉर्डन की सीमा के पास स्थित अल-तनफ सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। साना ने बताया कि हमलावर को मार गिराया गया है। वहीं, ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दावा किया कि हमलावर सीरिया की सुरक्षा बलों से जुड़ा था। अमेरिका आपको ढूंढेगा और खत्म करेगा- हेगसेथ अमेरिकी सेना ने कहा कि मृत सैनिकों की पहचान फिलहाल सार्वजनिक नहीं की जाएगी। रक्षा विभाग की नीति के अनुसार, पहले उनके परिजनों को सूचना दी जाएगी, उसके 24 घंटे बाद नाम जारी किए जाएंगे। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर कहा, अगर आप दुनिया में कहीं भी अमेरिकियों को निशाना बनाते हैं, तो अमेरिका आपको ढूंढेगा और खत्म करेगा। अमेरिका के सैकड़ों सैनिक पूर्वी सीरिया में तैनात हैं, जो आईएस के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठबंधन का हिस्सा हैं। पिछले महीने सीरिया भी औपचारिक रूप से इस गठबंधन में शामिल हुआ था। हालांकि आईएस को 2019 में सीरिया में सैन्य रूप से हरा दिया गया था, लेकिन उसके स्लीपर सेल अब भी हमले करते रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सीरिया और इराक में अब भी आईएस के 5,000 से 7,000 लड़ाके मौजूद हैं। इससे पहले 2019 में मंनबिज शहर में हुए एक धमाके में दो अमेरिकी सैनिक और दो अमेरिकी नागरिक मारे गए थे।

# भारत ने रचा इतिहास, धर्मशाला टी20आई जीतकर ऑस्ट्रेलिया का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ा

**दुबई (एजेंसी)।** धर्मशाला में खेले गए तीसरे टी20आई मैच में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने न सिर्फ पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल की, बल्कि टी20द्व इतिहास में एक बड़ा कीर्तिमान भी अपने नाम कर लिया।

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा

इस जीत के साथ भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा टी20आई जीत दर्ज करने के मामले में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ दिया। इससे पहले भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों के नाम 19-19 जीत थीं, लेकिन अब भारत ने 20वीं जीत के साथ बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका की मजबूत ञ्ज20 टीम के खिलाफ यह उपलब्धि भारत की निरंतरता और मजबूत व्हाइट-बॉल सेटअप को दर्शाती है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सबसे ज्यादा टी20आई जीत

भारत - 34 मैचों में 20 जीत
ऑस्ट्रेलिया - 28 मैचों में 19 जीत
वेस्टइंडीज - 26 मैचों में 14 जीत
पाकिस्तान - 27 मैचों में 14 जीत
इंग्लैंड - 28 मैचों में 13 जीत

### लक्ष्य का आसानी से पीछा

भारतीय गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन ने दक्षिण अफ्रीका को 118 रन के मामूली स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद भारतीय बल्लेबाजों ने लक्ष्य का आसानी से पीछा करते हुए 15.5 ओवर में ही सात विकेट रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया, जिससे मैच में भारत का दबदबा साफ नजर आया।

### ऑलराउंड प्रदर्शन से सीरीज में बढ़त

तेज गेंदबाजों और स्पिनरों के संयुक्त प्रयास से दक्षिण अफ्रीका को सीम और उछाल मददगार परिस्थितियों में 117 रन पर समेट दिया गया। इसके बाद भारत ने 25 गेंद शेष रहते 118 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए, जबकि हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे को एक-एक सफलता मिली। सात ओवर के भीतर 30/4 पर सिमटने के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम मैच में वापसी नहीं कर सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को अभिषेक शर्मा ने तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने पावरप्ले में 18 गेंदों पर 35 रन बनाए। शुभमन गिल (28) और तिलक वर्मा (नाबाद 25) को रन बनाने में थोड़ी दिक्कत हुई, जबकि सूर्यकुमार यादव 12 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि अभिषेक की शुरुआती आक्रामक बल्लेबाजी के चलते लक्ष्य हमेशा भारत की पहुंच में रहा और अंत में शिवम दुबे (नाबाद 10) ने शानदार शॉट्स लगाकर मैच खत्म किया।




# चौथे टी20 में शुभमन की जगह मिल सकता है सैमसन को अवसर

**–टीम में हो सकते हैं तीन बदलाव**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज के चौथे मुकाबले में विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैसमन को अवसर मिल सकता है। गुरुवार को लखनऊ में होने वाले इस मैच में भारतीय टीम प्रबंधन अंतिम ग्यारह में तीन बदलाव कर सकती है। इसके तहत ही उपकप्तान शुभमन गिल की जगह पर पारी की शुरुआत के लिए सैमसन को अवसर मिल सकता है। सैमसन अच्छे प्रदर्शन के बाद भी अक्टूबर 2025 के बाद से ही टीम से बाहर हैं, ऐसे में उन्हें जगह देने की मांग उठ रही है। वहीं शुभमन पिछले कुछ समय से रन नहीं बना पा रहे। पहले टी20 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 4 रन बनाये थे जबकि दूसरे मैच में वह शून्य पर ही आउट को गये थे। तीसरे टी20 में उन्होंने 28 गेंद में 28 रन बनाए पर उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में अंतिम ग्यारह में उन्हें जगह मिलना कठिन है। .

सैमसन के अलावा स्पिनर अक्षर पटेल और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी इस मैच में शामिल किया जा सकता है। तीसरे टी20 में इन दोनो को ही आराम दिया गया था। अब देखना अक्षर और बुमराह के शामिल होने से किसे बाहर किया जाता है। तीसरे टी20 में इनकी जगह पर हर्षित राणा और कुलदीप यादव को मौका मिला था और दोनों ने दो-दो विकेट लेकर अपने को साबित किया था।

वहीं अगर टीम प्रबंधन कुलदीप और हर्षित को बनाये रखता है तो अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती को बाहर किया जा सकता है। हर्षित और कुलदीप की तरह अर्शदीप और वरुण ने भी तीसरे टी20 में दो-दो विकेट लिए थे। चौथे टी20 में भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को भी बड़ी पारी खेलनी होगी। वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पाये हैं।

**संभावित अंतिम ग्यारह:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, जितेश शर्मा, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

# खराब फार्म की बात से सूर्यकुमार ने इंकार किया, बोले जब जरुरत होगी रन आयेंगे



**धर्मशाला ।** भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव एक बार फिर रन बनाने में असफल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में भी वह 12 रन ही बना पाये। वहीं जब उनसे फार्म में नहीं होने को लेकर पूछा गया तो सूर्यकुमार का जवाब सुनकर सभी हैरान हो गये। सूर्या ने लय में नहीं होने की बात को खारिज करते हुए कहा कि जब जरुरत होगी तो आ जाएंगे। कप्तान के तौर पर उनके इस बयान की आलोचना भी हो रही है। सभी प्रशंसकों का मानना है कि टीम जीत रही है, इसी लिए अधिक सवाल नहीं उठ रहे हैं पर कप्तान को आगामी विश्वकप को देखते हुए रन बनाने ही होंगे। विश्वकप से पहले भारतीय टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो टी20 और उसके बाद नए साल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।

सूर्यकुमार ने कहा, 'मैंने नेट में अच्छी बल्लेबाजी की है, इसलिए जब रन बनाने की जरूरत होगी, तब बनेंगे।' सूर्यकुमार ने इस सीरीज के तीन मैचों में 12, पांच और 12 रन बनाये हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं है कि मैं फॉर्म में नहीं हूं हालांकि रन नहीं बना पाया हूं। ' उन्होंने कहा कि टीम ने पिछले मैच में मिली हार से सबक लेकर अच्छी वापसी की है।

# बीसीसीआई ने जारी कर दिया फरमान !, रोहित-विराट को भी इस घरेलू टूर्नामेंट में खेलने होंगे दो मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई ने भारतीय टीम के मौजूदा खिलाड़ियों के लिए 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी में कम से कम दो वनडे मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 मैच (19 दिसंबर) और न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे (11 जनवरी , 2026) के बीच तीन सप्ताह से अधिक का अंतर है और बोर्ड चाहता है कि सभी सीनियर खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलें।

अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सभी को यह निर्देश दे दिया है। इस साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट श्रृंखला में हार के बाद यह सिफारिश की गई थी। इसमें हर प्रारूप में घरेलू क्रिकेट पर अधिक जोर देने के लिए कहा गया था। विराट कोहली और रोहित शर्मा टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की सूचना दे चुके हैं। वहीं सीनियर खिलाड़ी शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या और सूर्यकुमार यादव को अपनी अपनी टीमों के लिये कम से कम दो मैच खेलने के लिए कहा जा सकता है।




बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा, 'विजय हजारे ट्रॉफी के 6 दौर 24 दिसंबर से खेले जाने हैं। यह खिलाड़ियों और उनके प्रदेश संघों पर निर्भर करता है कि वे कौन से दो दौर खेलना चाहते हैं। किसी को छूट तभी दी जाएगी जब उत्कृष्टता केंद्र से किसी को अनफिट घोषित किया जाता है लेकिन अधिकारियों का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के बाद चोट से उबरने के लिए काफी समय होगा।'

इस निर्देश से यह धारणा भी टूटेगी कि चयन समिति और मुख्य कोच गौतम गंभीर सिर्फ कोहली और रोहित का उदाहरण देना चाहते हैं जिन्हें किसी को कुछ साबित नहीं करना है। इस बीच जसप्रीत बुमराह को धर्मशाला में तीसरे टी20 से पहले निजी कारणों से घर लौटना पड़ा। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार उनके करीबी परिजन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्र ने कहा, 'सब कुछ ठीक रहा तो वह चौथे या पांचवें मैच के लिये लौट सकते हैं।'

# जीएस दिल्ली एसेस ने पहली बार जीता टेनिस प्रीमियर लीग का खिताब

**अहमदाबाद ।** GS दिल्ली एसेस ने यहां टेनिस प्रीमियर लीग (TPL) के फाइनल में यश मुंबई ईगल्स पर 51–36 से शानदार जीत के साथ पहली बार इस खिताब पर कब्जा किया। बेल्जियम की खिलाड़ी सोफिया कोस्टौलास ने रविवार देर रात एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए रिया भाटिया को 18–7 से हराकर महिला एकल में अपना अजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। कोस्टौलास और जीवन नेदुनचेझियान की मिश्रित युगल जोड़ी ने दमदार रिटर्न और आत्मविश्वास से भरे नेट प्ले के साथ भाटिया और निकी पुनाचा की जोड़ी को 16–9 से हराकर दिल्ली एसेस की बढ़त को और मजबूत कर दिया । पुरुष एकल में मुंबई ईगल्स के विश्व नंबर 57 दामिर जुम्हूर ने बिली हैरिस को 16–9 से हराया कुछ हद तक टीम की वापसी कराई लेकिन जीएस दिल्ली एसेस के पास अब भी 11 अंकों की बढ़त थी। पुरुष युगल हैरिस और नेदुनचेझियान ने संयमित और नियंत्रित प्रदर्शन करते हुए निकी पुनाचा और जुम्हूर को 8–4 से हराकर दिल्ली की जीत पर मुहर लगा दी ।




# पंड्या ने बनाया नया रिकार्ड : 100 विकेट और 1000 रन बनाने वाले पहले तेज गेंदबाज बने




**धर्मशाला ।** भारतीय टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में एक नया रिकार्ड अपने नाम किया है । पंड्या ने इस मैच में एक विकेट लेते ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए । अब इस प्रारुप में 1,000 से ज्यादा रन और 100 विकेट लेने वाले वह पहले तेज गेंदबाज बन गये हैं। उनके अलावा केवल स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन, मोहम्मद नबी और सिकंदर रजा ने ही ये कारनामा किया है । पंड्या इस प्रारुप में 100 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय तेज गेंदबाज हैं । उनसे पहले अर्शदीप सिंह ने 109 और जसप्रीत बुमराह ने इस प्रारुप में 101 विकेट लिए हैं। वहीं वरुण चक्रवर्ती ने भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में दो विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि हासिल की । अब वरुण सबसे कम मुकाबलों में 50 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं । उन्होंने 32 मुकाबलों में ये आंकड़ा हासिल किया है, जबकि कुलदीप यादव ने 30 मुकाबलों में ये रिकार्ड बनाया है ।

# भारत ने पहली बार जीता स्काश विश्व कप का खिताब, पीएम नरेंद्र मोदी ने दी बधाई

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने स्काश विश्व कप के फाइनल में रविवार को हांगकांग को 3-0 से हराकर पहली बार इस खिताब को जीत इतिहास रच दिया। भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला एशियाई देश बन गया। इससे पहले भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था।

यह खिताबी जीत भारतीय स्काश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया।





विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत से फाइनल में भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह (विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इतिहास रचने और अपना पहला स्क्वैश वर्ल्ड कप जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई दी। पीएम मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह की लगन और दृढ़ संकल्प की तारीफ की और कहा कि टीम ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। पीएम मोदी ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीत देश को प्रेरित करेगी और युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता बढ़ाएगी।

पीएम मोदी ने X पर कहा, 'स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में इतिहास रचने और अपना पहला वर्ल्ड कप खिताब जीतने के लिए भारतीय स्क्वैश टीम को बधाई! जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिल कुमार और अनाहत सिंह ने जबरदस्त लगन और दृढ़ संकल्प दिखाया है। उनकी सफलता ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। यह जीत हमारे युवाओं के बीच स्क्वैश की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी।'

# श्रीलंका का पूर्व क्रिकेटर हुआ गिरफ्तार, भ्रष्टाचार के लगे आरोप




**कोलंबो ।** श्रीलंका के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर और विश्व कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा के बड़े भाई दम्मिका को देश के भ्रष्टाचार रोधी आयोग ने गिरफ्तार किया था लेकिन सोमवार को उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया । भ्रष्टाचार जांच आयोग (CIABOC) ने बताया कि 63 वर्षीय दम्मिका को 2017 में सरकारी संस्था सीलोन पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (CPC) द्वारा कच्चे तेल की खरीद में गलत निविदा प्रक्रिया के लिए गिरफ्तार किया गया था । वह उस समय इसके अध्यक्ष थे । सीआईएबीओसी ने कहा कि दम्मिका के अनुचित प्रभाव के कारण सीपीसी को 80 करोड़ श्रीलंकाई रुपये का नुकसान हुआ था । CIABOC ने कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट को बताया कि दम्मिका के छोटे भाई अर्जुन को इस मामले में दूसरे आरोपी के रूप में नामित किया गया है । अर्जुन को गिरफ्तार नहीं किया जा सका क्योंकि वे विदेश में हैं । अर्जुन पेट्रोलियम उद्योग मंत्री थे जब दम्मिका सीपीसी के प्रमुख थे। दम्मिका ने 1989–90 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो टेस्ट मैच खेले थे । बाद में वह देश में इस खेल के शासी निकाय श्रीलंका क्रिकेट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) बने ।

# वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण अब तक का सबसे बेहतर : ब्रेट ली

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज ब्रेट ली ने कहा है कि कप्तान पैट कमिंट की आगुवाई में वर्तमान गेंदबाजी आक्रमण सबसे बेहतर है । इस तेज गेंदबाज का कहना है कि एक समय जहां उनके साथ ग्लेन मैक्ग्रा, शेन वॉर्न और जेसन गिलेस्पी जैसे घातक तेज गेंदबाज थे । वहीं आज के समय में उससे भी बेहतर संयोजन कमिंस , मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लॉयन जैसे गेंदबाजों के पास है । साथ ही कहा कि ये अब तक तक सबसे बेहतर गेंदबाजी आक्रमण माना जा सकता है । इसने सभी पिछले आक्रमणों को पीछे छोड़ दिया है । गौरतलब है कि अबमक कमिंस, स्टार्क, लायन और हेजलवुड ने कुल मिलाकर 389 टेस्ट मैचों में ही 1,586 विकेट निकाल लिय हैं । इन चार में से तीन गेंदबाजों ने 300 विकेट लिये हैं, जबकि हेजलवुड ने 295 विकेट लिए हैं और माना जा रहा है कि वापसी पर हेजलवुड भी 300 का आंकड़ा हासिल कर लेंगे । कमिंस स्टार्क, हेजलवुड और लायन ने एकसाथ मिलकर ऑस्ट्रेलिया के लिए अभी तक 35 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से ऑस्ट्रेलियाई टीम को 22 में जीत मिली है जबकि नौ में टीम हारी है । वहीं चार मुकाबले ड्रॉ रहे हैं । एक साथ अंतिम ग्यारह में रहते हुए इन चारों ने कुल मिलकर रिकॉर्ड 567 विकेट लिए हैं । वहीं साल 2000 के दशक में ली ने मैकग्रा, वॉर्न और गिलेस्पी के साथ मिलकर कुल 1842 विकेट लिए थे । इन चारों ने मिलकर 16 टेस्ट खेले थे जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम 10 में जीती थी पर इसके बाद भी ली का मानना है वर्तमान समूह ने बेहतर तरीके से उनकी जगह ले ली है । ली ने कहा, मुझे लगता है कि कमिंस और उनके साथी अब तक के सबसे अच्छे गेंदबाज हैं हालांकि किसी भी दौर की दूसरे से तुलना नहीं की जा सकती है पर मैं उन्हें हमसे ऊपर रखूंगा । अगर आप सिर्फ स्टैट्स देखें, तो सभी ने 250 से ज़्यादा टेस्ट विकेट लिए हैं, और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ ।

# युवा खिलाड़ियों से दुर्व्यवहार कर रहा था ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर, अनिश्चित काल के लिए लगा प्रतिबंध

**न्यू साउथ वेल्स (ऑस्ट्रेलिया) ।** युवा खिलाड़ियों के साथ कथित दुर्व्यवहार की एक गंभीर शिकायत के बाद न्यू साउथ वेल्स (NSW) के एक क्रिकेटर पर किसी भी स्तर पर खेलने पर अनिश्चित काल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है । सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड में छपी खबर के अनुसार, NSW और एक टी20 टीम के लिए खेल चुके एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन बोर्ड की एक आपात बैठक के बाद रद्द कर दिया गया है । यह संवेदनशील मामला है और पुलिस इसकी जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई आरोप नहीं लगाया गया है । क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स के एक प्रवक्ता ने एक बयान जारी कर बताया कि खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है । बयान में कहा गया है, 'एक गंभीर शिकायत के बारे में पता चलने के बाद क्रिकेट न्यू साउथ वेल्स बोर्ड ने तुरंत प्रभाव से एक खिलाड़ी का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से रद्द करने का फैसला किया है । नतीजतन, उसे क्रिकेट से जुड़े सभी मामलों में शामिल होने से अनिश्चित काल के लिए निलंबित कर दिया गया है । जब तक जांच चल रही है, हम इस मामले पर और टिप्पणी नहीं कर सकते ।' सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड की रिपोर्ट में बताया कि यह शिकायत खिलाड़ी के सिडनी ग्रेड क्लब से आई थी और यह हाल ही में की गई थी ।

# हम आखिर हासिल क्या करना चाह रहे हैं, मेस्सी के G.O.A.T. दौरे पर बोले पूर्व ओलंपिक विजेता अभिनव बिंद्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भारत के पूर्व निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के भारत दौरे के घटनाक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इस महान खिलाड़ी के करीब आने या उसके साथ तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रूपए खर्च किए जाने को लेकर वह काफी दुखी हैं। मेस्सी के तीन दिन के भारत दौरे पर काफी अराजकता देखी गई चूंकि राजनेताओं, फिल्मी हस्तियों, उद्योगपतियों और अधिकारियों में उनके साथ तस्वीर लेने को लेकर होड़ रही।

कोलकाता में तो प्रशंसकों के सब्र का बांध टूट गया जो हजारों रूपए के टिकट खरीदने के बावजूद उनकी एक झलक भी नहीं पा सके। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा, 'जैसे-जैसे उनका हालिया भारत दौरा आगे बढ़ा, कुछ जगहों पर अफरा तफरी हुई और मुझे काफी असहज लगा। इसने मुझे रुकने और सोचने पर मजबूर किया, इस बात की सच्ची चिंता में कि हम असल में क्या हासिल करने की कोशिश कर रहे थे।'

उन्होंने कहा, 'एक पल के लिए उनके करीब जाने या तस्वीर खिंचवाने के लिए लाखों रूपए खर्च किये जा रहे हैं। यह ईमानदारी से कमाया गया लोगों का पैसा है और वे चाहे जैसे इसे खर्च करें। लेकिन मैं दुखी हूं और मुझे हैरानी हो रही है कि क्या यह संभव था कि इस ऊर्जा और निवेश का एक हिस्सा भी हमारे देश में खेलों की बुनियाद पर खर्च किया जा सकता था।'

बिंद्रा ने हालांकि स्पष्ट किया कि अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान के लिए उनके मन में अपार सम्मान है जो इस समय दुनिया के सबसे चहेते खिलाड़ियों में से हैं। उन्होंने कहा, 'लियोनेल मेस्सी उन खास खिलाड़ियों में से हैं जिनकी कहानी खेल से कहीं आगे है। शारीरिक मुश्किलों से लड़ने वाले एक बच्चे से लेकर एक महान फुटबॉलर तक के उनके सफर ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित किया है। मैं उनकी उस खूबी के लिए बहुत सम्मान और तारीफ करता हूं जो उनमे नजर आती है मसलन लगन, विनम्रता और महानता।'

उन्होंने कहा, 'मैं खेलों का अर्थशास्त्र समझता हूं। मैं व्यावसायिक सच्चाई, वैश्विक ब्रांडिंग और महान खिलाड़ी के आकर्षण को समझता हूं। मैं मेस्सी को किसी भी तरह से गलत नहीं मानता। उन्होंने अपने रास्ते में आने वाले हर मौके को कमाया है और महानता की तारीफ करना स्वाभाविक है।' मेस्सी के G.O.A.T. दौरे का फुटबॉल से कोई सरोकार नहीं है और उनका कार्यक्रम मुलाकातों तक सीमित है जिसमें प्रशंसकों से सीधे मुलाकात नहीं है। बिंद्रा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम के लिए इस्तेमाल किए गए संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल हो सकता था।

बिंद्रा ने कहा, 'एक समाज के रूप में हम खेल संस्कृति का निर्माण कर रहे हैं या दूर से व्यक्ति पूजा कर रहे हैं। खेलों में महान देश पलों के आधार पर नहीं, तंत्र के आधार पर बनते हैं। संयम के साथ। असाधारण सपने देखने वाले साधारण बच्चे में भरोसा करके।' बिंद्रा ने कहा, 'मेस्सी जैसे आइकन हमे प्रेरित करते हैं और वह प्रेरणा काफी मायने रखती है। लेकिन प्रेरणा का उद्देश्य भी होना चाहिए। दीर्घकालिन प्रतिबद्धता। विकल्प ऐसे चुनने चाहिए जिनसे हम बस आज भर के लिए रोमांचित नहीं हों बल्कि कल को भी मजबूत करें।'



# लक्ष्मी गुप्ता 73 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम

**वाराणसी ।** बालिका सब जूनियर खेल विभाग एवं उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के समन्वय से 25 से 27 दिसंबर 2025 तक मऊ जिला खेल कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें वाराणसी मंडल की टीम भाग लेगी, जिसके लिए जनपद स्तर पर 15 दिसंबर 2025 को सुबह 9 :00 से 10 :00 तक वजन एवं 11 :00 बजे से चयन ट्रायल किया गया । बालिकाओं का रिजल्ट इस प्रकार है । 40 किलो में प्रिया यादव43 किलो में प्रिया बिन्द 46 किलो में नेहा पाल 49 किलो मे रितिका कुमारी 53 किलो में सृष्टि यादव 57 किलो में खुशबू कुमारी 61 किलो में आराध्या यादव 65 किलो में खुशी चौहान 69 किलो में होली यादव 73 किलो में लक्ष्मी गुप्ता प्रथम स्थान प्राप्त किया । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सभी बालिका पहलवान वाराणसी जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे मंडल स्तर पर चंदौली गाजीपुर जौनपुर जनपद भी भाग लेगा । मंडल स्तर पर 18 दिसंबर 2025 को सुबह 10 :00 बजे से 11 :00 तक वजन 12 :00 से चयन ट्रायल डॉ संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा वाराणसी में किया जाएगा ।

# सेमाग्लूटाइड का पेटेंट समाप्त होते ही मधुमेह और मोटापे की दवाएं होंगी सस्ती

## दवाओं में 80 फीसदी तक कटौती की संभावना

नई दिल्ली । मार्च 2026 में टाइप-2 मधुमेह की प्रमुख दवा सेमाग्लूटाइड का पेटेंट समाप्त होने जा रहा है। इसके बाद भारत में इसकी जेनेरिक दवाओं का बाजार खुल जाएगा, जिससे दवा की कीमत में लगभग 80 प्रतिशत तक की गिरावट होने की संभावना है। इस बदलाव से मधुमेह और मोटापे के मरीजों के लिए इलाज अधिक सस्ता और सुलभ हो जाएगा। जीएलपी-1 दवाओं का बाजार तेज़ी से बढ़ रहा है। फार्माट्रैक के एक अधिकारी के अनुसार शुरुआती उच्च कीमतों के कारण यह बाजार 1,000 करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच गया था। लेकिन पेटेंट खत्म होने के बाद कीमतें घटेंगी, जिससे कंपनियों की आमदनी पर असर और बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज होगी। डॉ. रेड्डीज, सिप्ला, मैनकाइंड फार्मा और सन फार्मा जैसी कंपनियां पहले से ही सेमाग्लूटाइड के जेनेरिक संस्करण के लिए तैयारी कर रही हैं। देश में चिकित्सा सेवाओं के विस्तार से मरीजों की संख्या बढ़ेगी, लेकिन जीएलपी-1 दवाओं के साइड इफेक्ट जैसे मतली, उल्टी, दस्त, कब्ज और कुछ मामलों में बालों का झड़ना भी बढ़ सकते हैं। डॉक्टरों के अनुसार, अधिक मरीजों को दवा देने से उपचार बीच में छोड़ने की दर यानी ड्रॉपआउट बढ़ सकती है। शुरुआती मांग में उछाल कुछ महीनों में स्थिर हो सकता है। हालांकि, दवा की सस्ती कीमत से उपभोक्ता आधार बढ़ेगा लेकिन कंपनियों को नई प्रतिस्पर्धा और बदलते खपत पैटर्न का सामना करना पड़ेगा।




# मारुति का भारत में ईवी योजना के लिए स्थानीयकरण पर जोर



## - कंपनी अगले साल घरेलू बाजार में अपना पहला ईवी ई-वीटारा, पेश करेगी

नई दिल्ली । मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अगले कुछ वर्षों में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के बैटरी उत्पादन और अन्य महत्वपूर्ण घटकों के स्थानीयकरण की योजना बना रही है। कंपनी फिलहाल बैटरियों का आयात करती है, लेकिन कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इसे चरणबद्ध तरीके से देश में तैयार करने की संभावना है। इस कदम से कंपनी भारत में ईवी निर्माण क्षमता बढ़ाने और स्थानीय उत्पादन को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है। एमएसआई अगले साल घरेलू बाजार में अपना पहला ईवी, ई-वीटारा पेश करने वाली है। इसके साथ ही ई-वीटारा का निर्यात भी शुरू हो चुका है, और अब तक 10,000 इकाइयाँ 26 देशों में भेजी जा चुकी हैं। कंपनी का लक्ष्य ईवी पोर्टफोलियो में आने वाले वर्षों में और भी मॉडल शामिल करना है। अधिकारी ने कहा कि भारत में ईवी की लोकप्रियता तभी बढ़ेगी जब ग्राहक इसे मुख्य वाहन के रूप में अपनाने के लिए भरोसा महसूस करें। वर्तमान में अधिकांश खरीदार ईवी का उपयोग अतिरिक्त वाहन के रूप में कर रहे हैं। ड्राइविंग रेंज और शुरुआती उत्पादों के अनुभवों ने ग्राहकों में नकारात्मक धारणाएँ उत्पन्न की हैं। एमएसआई का लक्ष्य 2029-30 तक अपने उत्पाद खंड में 5 ईवी मॉडल शामिल करना है। इसके अलावा कंपनी डीलर पार्टनर और चार्जिंग पॉइंट ऑपरेटर के साथ साझेदारी में लगभग 1 लाख चार्जिंग स्टेशन 2030 तक स्थापित करना चाहती है। इस पहल से कंपनी ईवी क्षेत्र में नेतृत्व स्थिति हासिल करने और देश में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

# सर्दियों के उड़ान शेड्यूल में इंडिगो आगे, एयरइंडिया समूह पीछे

**- अंतरराष्ट्रीय उड़ानों और सीटों की संख्या में बड़ा बदलाव, बाजार हिस्सेदारी में भी उलटफेर**




नई दिल्ली । इस सर्दियों के उड़ान शेड्यूल (अक्टूबर से मार्च) में भारत की सबसे बड़ी निजी एयरलाइन इंडिगो ने अंतराष्ट्रीय उड़ानों और सीटों की संख्या के मामले में एयरइंडिया समूह को पीछे छोड़ दिया है। एक वैश्विक विमानन डेटा कंपनी के आंकड़ों के अनुसार इंडिगो ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज़ी से विस्तार किया है, जबकि एयरइंडिया समूह को घरेलू और संचालन संबंधी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक विमानन डेटा कंपनी के मुताबिक, इस सर्दियों में इंडिगो की अंतराष्ट्रीय उड़ानों की संख्या 14.5 प्रतिशत बढ़कर 44,035 हो गई है। पिछली सर्दियों में यह आंकड़ा 38,481 था। साथ ही इंडिगो ने अपनी अंतराष्ट्रीय सीटों की संख्या 74 लाख से बढ़ाकर 86 लाख कर दी है। इसके चलते भारत से आने-जाने वाली अंतराष्ट्रीय उड़ानों में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से बढ़कर 22.1 प्रतिशत हो गई है। एयरइंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस को मिलाकर बने एयरइंडिया समूह ने इस सर्दियों में अपनी अंतराष्ट्रीय उड़ानों में 9 प्रतिशत से अधिक की कटौती की है। पिछले साल जहां समूह की 45,958 उड़ानें थीं, वहीं इस बार यह संख्या घटकर 41,626 रह गई है। सीटों के मामले में भी गिरावट दर्ज की गई है। पिछले सर्दियों में 92 लाख सीटों के मुकाबले इस बार यह संख्या घटकर 83 लाख रह गई है, जिससे समूह की बाजार हिस्सेदारी 24 प्रतिशत से घटकर 21 प्रतिशत हो गई। विशेषज्ञों के अनुसार, पर्याप्त पायलटों के बिना तेजी से विस्तार और नए फ्लाइट ड्यूटी नियम एयरइंडिया की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। वहीं, नागरिक उड्डयन मंत्रालय की नीति के तहत विदेशी एयरलाइनों को व्यस्त भारतीय रूट्स पर सीमित अनुमति मिलने से घरेलू एयरलाइनों को फायदा हुआ है। हालांकि, आलोचकों का कहना है कि इससे प्रतिस्पर्धा और यात्रियों के विकल्प सीमित हो सकते हैं। इस सर्दियों में कई विदेशी एयरलाइनों ने अपनी उड़ानें घटाई हैं। वहीं, भारतीय एयरलाइन अकासा एयर ने सबसे तेज़ बढ़त दर्ज की है, हालांकि बड़े विमानों की कमी के कारण वह लंबी दूरी के रूट्स पर उड़ानें नहीं चला पा रही है।

# कोरोना रेमेडीज़ आईपीओ की जोरदार लिस्टिंग

नई दिल्ली । गुजरात स्थित फार्मास्यूटिकल कंपनी कोरोना रेमेडीज़ के शेयर सोमवार को बाजार में गिरावट के बावजूद मजबूती के साथ लिस्ट हुए। बीएसई पर शेयर 1,452 रुपये पर लिस्ट हुए, जो आईपीओ की अपर प्राइस 1,062 रुपये से 36 फीसदी अधिक है। वहीं एनएसई पर शेयर 1,470 रुपये पर लिस्ट हुए, जो आईपीओ प्राइस से 38 फीसदी ज्यादा है। हालांकि लिस्टिंग के बाद शेयर लगभग 2 फीसदी नीचे कारोबार कर रहे थे। लिस्टिंग से पहले कंपनी के अनलिस्टेड शेयर ग्रे मार्केट में 1,404.5 रुपये पर कोट किए जा रहे थे।

इससे अनुमान लगाया जा रहा था कि आईपीओ प्राइस के मुकाबले ग्रे मार्केट प्रीमियम लगभग 32 फीसदी रहेगा। लिस्टिंग के परिणाम ने इस अनुमान को पार करते हुए निवेशकों को उत्साहित किया। कोरोना रेमेडीज़ के आईपीओ के लिए निवेशकों का उत्साह अत्यधिक देखा गया। इश्यू अंतिम दिन कुल 144.54 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने 6.2 लाख शेयरों के ऑफर फॉर सेल के जरिए 655.3 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा था।




# रुपए की कमजोरी और चिप संकट से टीवी महंगे होने की संभावना

## रुपये के कमजोर होने से इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की लागत बढ़ी

मुंबई । नए साल से टीवी की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना है। रुपये के कमजोर होने से इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों की लागत बढ़ गई है। रुपए ने हाल ही में पहली बार डॉलर के मुकाबले 90 का स्तर पार किया है। टीवी के प्रमुख कंपोनेंट जैसे ओपन सेल, सेमीकंडक्टर चिप और मदरबोर्ड बड़े पैमाने पर आयात होते हैं। इसलिए रुपये की कमजोरी सीधे टीवी की कीमतों पर असर डाल रही है। दुनियाभर में मेमोरी चिप की कीमतें तेज़ी से बढ़ रही हैं। एआई सर्वर्स की बढ़ती मांग के कारण डीआरएएम और फ्लैश मेमोरी की आपूर्ति टीवी और पारंपरिक इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए सीमित हो गई है। कंपनियां मुनाफे वाले एआई चिप्स पर फोकस कर रही हैं, जिससे सप्लाई और कीमतों पर दबाव बढ़ गया है। इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के अनुसार एलईडी टीवी के दाम 3-4 फीसदी तक बढ़ सकते हैं। वहीं सुपर प्लास्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के अनुसार कुछ ब्रांड्स में 7-10 फीसदी तक की बढ़ोतरी संभव है। यदि टीवी की कीमत 50,000 रुपये है, तो यह बढ़ोतरी 1,500 से 5,000 रुपये तक हो सकती है। हाल ही में सरकार ने 32 इंच और उससे बड़े टीवी पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया था, जिससे कीमतों में औसतन 4,500 रुपये की राहत मिली। लेकिन बढ़ती लागत और सप्लाई संकट के कारण यह राहत उपभोक्ताओं तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाएगी।



# भारतीय म्यूचुअल फंड ने 25 सालों में बनाया 80 लाख करोड़ का रिकॉर्ड

मुंबई । भारतीय म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने नवंबर 2025 तक एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। इंडस्ट्री का एयूएम बढ़कर 80.80 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जबकि 2000 में यह केवल 1.03 लाख करोड़ रुपए था। यूटीआई का दबदबा उस समय 66 फीसदी था। 2020 से 2025 के बीच इंडस्ट्री ने लगभग तीन गुना वृद्धि दर्ज की। फोलियो की संख्या मई 2021 में 10 करोड़ थी, जो नवंबर 2025 तक बढ़कर 25.86 करोड़ हो गई। निवेशक अब अधिकतर इक्विटी और हाइब्रिड योजनाओं में निवेश कर रहे हैं। एसआईपी ने निवेश को नियमित आदत में बदल दिया है, जिससे बाजार में स्थिर पूंजी प्रवाह बना हुआ है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने निवेश प्रक्रिया आसान कर दी है, जिससे छोटे शहरों और गांवों के निवेशक भी शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा भारतीय शेयर बाजार का लंबी अवधि में मजबूत प्रदर्शन निवेशकों का आत्मविश्वास बढ़ा रहा है।



भारतीय पर्यटक सिंगापुर में विलासिता की वस्तुओं पर सबसे अधिक खर्च करने वाले शामिल हुए

# भारतीय पर्यटक सिंगापुर में विलासिता पर अधिक खर्च करने वालों में शामिल

**- 2025 की पहली छमाही में भारतीय पर्यटकों ने 81.217 करोड़ सिंगापुर डॉलर खर्च किए**

सिंगापुर । सिंगापुर पर्यटन बोर्ड (एसटीबी) के आंकड़ों के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में भारतीय पर्यटकों ने 81.217 करोड़ सिंगापुर डॉलर खर्च किए, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.40 फीसदी अधिक है। एक बिजनेस एसोसिएशन के मुताबिक भारतीय यात्री सिंगापुर के सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में शामिल हैं। औसतन 6.3 दिन तक ठहरने वाले ये पर्यटक खुदरा, भोजन, मनोरंजन, दर्शनीय स्थलों और आवास पर अधिक खर्च करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चीन और इंडोनेशिया के पर्यटक भी सिंगापुर में विलासिता पर अधिक खर्च कर रहे हैं, जबकि वैश्विक स्तर पर विलासिता खर्च में गिरावट देखी जा रही है। एसटीबी के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अक्टूबर 2025 तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 10 लाख तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 2.6 फीसदी अधिक है। कुल मिलाकर, सिंगापुर में इस अवधि में 1425 लाख पर्यटक आए, जिनमें 2.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

# थोक मूल्य मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से नीचे, खाद्य और ईंधन सस्ते

**- नवंबर 2025 में डब्ल्यूपीआई -0.32 फीसदी दर्ज, लगातार दूसरा महीना नकारात्मक रहा**

नई दिल्ली । वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार नवंबर 2025 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति (डब्ल्यूपीआई) -0.32 फीसदी दर्ज की गई। यह लगातार दूसरा महीना है जब थोक मुद्रास्फीति शून्य से नीचे रही। अक्टूबर में यह -1.21 फीसदी थी। खाद्य और ईंधन की कीमतों में गिरावट मुख्य कारण रही। नवंबर में खाद्य वस्तुओं की थोक मुद्रास्फीति -2.60 फीसदी रही, जबकि अक्टूबर में यह -5.04 फीसदी थी। प्याज के दाम सालाना आधार पर 64.70 फीसदी, आलू 36 फीसदी, सब्जियों 20.23 फीसदी और दालों 15.21 फीसदी घटे। गेहूं, धान और फलों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। ईंधन की कीमतों में भी कमी रही। कच्चे तेल के दाम 13.92 फीसदी, रसोई गैस 12.78 फीसदी, पेट्रोल 1.75 फीसदी और डीजल 1.64 फीसदी सस्ते हुए। अन्य वस्तुओं की कीमतें या तो स्थिर रहीं या वृद्धि दर धीमी रही। खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई) दिसंबर में 0.71 फीसदी रही, जो संकेत देती है कि आम जनता के लिए महंगाई भी नियंत्रण में है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की मुद्रास्फीति का अनुमान 2 फीसदी कर दिया है। तीसरी तिमाही में 0.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 2.9 रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही में मुद्रास्फीति क्रमशः 3.9 और 4 फीसदी रहने की उम्मीद है। खाद्य और ईंधन की कीमतों में गिरावट के कारण थोक और खुदरा मुद्रास्फीति दोनों कम रही। यह स्थिति उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी है, लेकिन विशेषज्ञ अगले वित्त वर्ष में वैश्विक कीमतों और मांग के आधार पर मुद्रास्फीति बढ़ने की संभावना भी जताते हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 54, निफ्टी 19 अंक गिरा**

मुंबई । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 54.30 अंक टूटकर 85,213.36 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 19.65 अंक नीचे आकर 26,027.30 अंकों पर बंद हुआ। वहीं पिछले कारोबारी दिवस शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ था।

आज सेंसेक्स की 30 में से 16 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। वहीं 14 कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इसी प्रकार निफ्टी की 50 में से केवल 22 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ बंद हुए। वहीं बची हुई 27 कंपनियों के शेयर नीचे आये जबकि एक कंपनी के शेयर में बदलाव नहीं रहा।

आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर सबसे ज्यादा 1.37 फीसदी की बढ़त लेकर बंद हुए और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा 1.92 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं ट्रेंट के शेयर 1.11 फीसदी, एचसीएल टेक 0.68 फीसदी, इंफोसिस 0.57 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.53 फीसदी, टाटा स्टील 0.52 फीसदी, टीसीएस 0.42 फीसदी, एलएंडटी 0.40 फीसदी, कोटक महिंद्रा बैंक 0.37 फीसदी, आईटीसी 0.37फीसदी। वहीं दूसरी ओर, सोमवार को मारुति सुजुकी के शेयर 0.89 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.81 फीसदी, बजाज फिनसर्व 0.75 फीसदी, टाइटन 0.64 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.56 फीसदी, भारती एयरटेल 0.54 फीसदी, बजाज फाइनेंस 0.53 फीसदी, पावरग्रिड 0.53फीसदी, एनटीपीसी 0.37 फीसदी।

इससे पहले आज सुबह तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स कमजोरी के साथ 84,891 अंक पर खुला। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ता गया, जिससे इंडेक्स और नीचे फिसल गया। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 363.30 अंक की गिरावट के साथ 84,904.36 अंक पर कारोबार करता नजर आया। बैंकिंग, आईटी और ऑटो शेयरों में दबाव का असर सेंसेक्स पर साफ दिखाई दिया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 25,930 अंक पर खुला। शुरुआती सत्र में इसमें और कमजोरी आई। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी सीमित दबाव देखने को मिला।

एशियाई बाजारों में सोमवार को गिरावट देखने को मिली। वॉल स्ट्रीट में पिछले सप्ताह के अंत में आई कमजोरी का असर इन बाजारों पर पड़ा। निवेशकों ने एआई आधारित तेजी से कुछ समय के लिए दूरी बना ली। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.16 फीसदी टूट गया, जापान का निक्केई 225 में 1.3 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। जबकि ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 इंडेक्स 0.66 फीसदी फिसल गया।

अमेरिका में भी कमजोरी- अमेरिका में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स भी कमजोरी के साथ बंद हुए। निवेशकों ने टेक्नोलॉजी शेयरों से पैसा निकालकर अन्य सेक्टरों में लगाया। इससे एसएंडपी 500 और नैस्डैक में 1 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई।

# भारतीय उपभोक्ता सबसे आशावादी, वैश्विक संघर्षों का कम असर

नई दिल्ली । भारतीय उपभोक्ताओं का विश्वास मजबूत आर्थिक वृद्धि से प्रभावित होकर पूरे वर्ष स्थिर रहा। बीसीजी की नवीनतम ग्लोबल कंज्यूमर रडार रिपोर्ट के अनुसार 61 प्रतिशत भारतीय लगातार अच्छे समय की उम्मीद रखते हैं। यह उन्हें दुनिया के सबसे आशावादी बाजारों में शामिल करता है। रिपोर्ट में बताया गया कि केवल 17 प्रतिशत भारतीय उपभोक्ता मानते हैं कि हाल के वैश्विक राजनीतिक संघर्ष या घटनाएं देश की वृद्धि को धीमा करेंगी। यह चीन के बाद सबसे कम आंकड़ा है। इसके विपरीत, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी में 60 प्रतिशत से अधिक लोग आर्थिक मंदी की आशंका जताते हैं। रिपोर्ट में विकसित देशों (फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, अमेरिका, जापान) और विकासशील देशों (भारत, चीन, मैक्सिको, ब्राजील) को शामिल किया गया। भारत में 34 प्रतिशत उपभोक्ता बेरोजगारी या मंदी की चिंता करते हैं। कुल मिलाकर, भारत चीन के बाद दूसरा सबसे आशावादी बाजार है और वैश्विक औसत -12 प्रतिशत से काफी ऊपर बना हुआ है।

# वेकफिट इनोवेशंस के आईपीओ की सुस्त लिस्टिंग

**- 195 रुपए पर सपाट लिस्ट हुए शेयर**

नई दिल्ली । होम और स्लीप सॉल्यूशन प्रोवाइडर वेकफिट इनोवेशंस का आईपीओ सोमवार 15 दिसंबर को सूचीबद्ध हुआ। इस इश्यू के जरिए कंपनी ने कुल 1,288.89 करोड़ जुटाए, जिसमें 1.93 करोड़ शेयरों का फ्रेश इश्यू 377.18 करोड़ रुपए और 4.68 करोड़ शेयरों के ओएफएस से 911.71 करोड़ रुपए शामिल थे। प्राइस बैंड 185-195 रुपए रखा गया था और लॉट साइज 76 शेयर थी। आईपीओ करीब 2.52 गुना सब्सक्राइब हुआ। एनएसई पर शेयर 195 रुपए प्रति शेयर पर लिस्ट हुआ, जबकि बीएसई पर 194.10 रुपए पर खुले। यह प्रदर्शन अपेक्षाकृत सुस्त रहा। डेब्यू से पहले डी-स्ट्रीट पर अनलिस्टेड शेयर 199 रुपए के भाव पर कोट थे, जिससे जीएमपी 4 रुपए प्रति शेयर या लगभग 2.05 फीसदी थी। लिस्टिंग ग्रे मार्केट अनुमानों से थोड़ी कम रही।





# कवच 4.0 रेल सुरक्षा प्रणाली विकसित करने नोवा और टाटा एलेक्सी ने की साझेदारी

**– कवच प्रणाली की प्रति किलोमीटर लागत लगभग 50-60 लाख रुपए**

नई दिल्ली । नोवा कंट्रोल टेक्नोलॉजिक्स, ईइई ट्रांसपोर्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर की डीपटेक क्षेत्र की सहायक कंपनी, और टाटा एलेक्सी ने मिलकर भारत की स्वदेशी स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 की अगली पीढ़ी विकसित करने का निर्णय लिया है। इस साझेदारी के तहत नोवा प्राथमिक ओईएम के रूप में विनिर्माण, परीक्षण और एकीकरण की जिम्मेदारी संभालेगी, जबकि टाटा एलेक्सी हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डिजाइन, प्रोटोटाइपिंग, सुरक्षा प्रमाणन और साइबर सुरक्षा इंजीनियरिंग का नेतृत्व करेगी। नोवा के एक प्रमुख अधिकारी के अनुसार कवच प्रणाली की प्रति किलोमीटर लागत लगभग 50-60 लाख है। प्रारंभिक रूप से भारतीय रेलवे के लगभग 40,000 किलोमीटर नेटवर्क में इसे लागू किया जाएगा। प्रत्येक रेल इंजन के लिए शुरुआती निवेश 70-80 लाख रुपए होगा। इसके चलते चरण-1 के लिए कुल निवेश लगभग 50,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। परियोजना का कार्यान्वयन अगले 6-7 वर्षों में पूरा होने की संभावना है। कंपनियां दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और पश्चिम एशिया जैसे निर्यात बाजार को भी लक्षित कर रही हैं, जिससे भविष्य में कारोबार में वृद्धि की संभावना है। टाटा एलेक्सी के प्रमुख ने बताया कि कवच 4.0 का डिज़ाइन इस तरह से किया जा रहा है कि भविष्य में कवच 5.0, जिसमें साइबर सुरक्षा और मूविंग ब्लॉक जैसी सुविधाएँ होंगी, आसानी से जोड़ी जा सके। 2013-14 में भारतीय रेलवे द्वारा सुरक्षा पर खर्च 39,463 करोड़ था, जो 2025-26 में बढ़कर लगभग 1.16 लाख करोड़ रुपए होने की संभावना है। इस परियोजना से भारतीय रेलवे के सुरक्षा नेटवर्क को आधुनिक और विश्वसनीय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

# रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 26 पैसे की गिरावट के साथ ही 90.75 पर बंद हुआ। विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पूंजी निकासी के कारण सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया कमजोर हो गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सुबह 90.53 पर खुला और गिरकर अब तक के सबसे निचले स्तर 90.58 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे की गिरावट दिखाता है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जुड़े स्पष्ट संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे बाजार में सतर्कता बनी हुई है। इससे रुपये पर दबाव बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को रुपया 17 पैसे टूटकर 90.49 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ 98.35 पर रहा।



## 'स्ट्रीट फाइटर' से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं विद्युत जामवाल

विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है।

### बोल्ड लुक में नजर आए विद्युत


लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं। विद्युत का फर्स्ट लुक काफी आकर्षक लग रहा है। स्ट्रीट फाइटर 16 अक्तूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### किताओ सकुराई का है निर्देशन

कैपकॉम के वीडियो गेम से प्रेरित 'स्ट्रीट फाइटर' का निर्देशन 'बैड ट्रिप' और 'आर्डवार्क' के निर्देशक किताओ सकुराई ने किया है। फिल्म में विद्युत जामवाल के अलावा नोआ सेंटिनियो केन मास्टर्स के रूप में, एंड्रयू कोजी रयू के रूप में, कैलिना लियांग चुन-ली के रूप में, रोमन रेन्स अकुमा के रूप में, डेविड डस्टमाल्चियन एम. बाइसन के रूप में, ड्ढड्ढश्च स्टार कोडी रोड्स गाइल के रूप में, एंड्रयू शुल्ज डैन हिबिकी के रूप में, एरिक आंद्रे डॉन सौवेज के रूप में, कर्टिस 50 सेंट जैक्सन बैलरोग के रूप में और जेसन मोमोआ ब्लैंका के रूप में शामिल हैं। फिल्म में ओरविल पेक वेगा के रूप में, ओलिवियर रिचटर्स जागिफ के रूप में, हिरूकी गोटो ई. होंडा के रूप में, रायना वैलैंडिंगम जूली के रूप में, अलेक्जेंडर वोल्कानोव्स्की जो के रूप में, काइल मूनी मार्विन के रूप में और मेल जार्नसन कैमी के रूप में भी नजर आएंगे।

### ऐसी है फिल्म की कहानी

1993 में आधारित यह फिल्म आगामी विश्व योद्धा टूर्नामेंट के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके लिए स्ट्रीट फाइटर्स रयू और केन मास्टर्स को रहस्यमयी चुन-ली द्वारा भर्ती किया जाता है। यह लड़ाई इन लड़ाकों को उनके अतीत के बुरे अनुभवों से भी लड़ने के लिए मजबूर करती है।



## राधिका आप्टे ने फिल्म साली मोहब्बत से जुड़े अनुभव पर चर्चा की

**ओटीटी प्लेटफॉर्म पर राधिका आप्टे, दिव्येन्दु शर्मा और अनुराग कश्यप की फिल्म साली मोहब्बत आई है जो कि थ्रिलर-ड्रामा फिल्म है। हसीन दिलरुबा के बाद बहुत समय के बाद एक ऐसी फिल्म आई है जिसमें प्यार, धोखा, नफरत और मरने-मारने की जिद नजर आती है। बातचीत में राधिका ने फिल्म से जुड़े अनुभव पर चर्चा की। पेश हैं उनसे हुई बातचीत के मुख्य अंश..**

### टिस्का ने हमें पूरी आजादी दी



फिल्म 'साली मोहब्बत' की निर्देशक टिस्का चोपड़ा के बारे में बात करते हुए राधिका आप्टे कहती हैं, 'एक अभिनेता का निर्देशक होना बड़े ही फायदे की बात है। उसे अभिनय से जुड़ी मुश्किलें पहले से पता होती हैं तो कई चीजें समझाने की जरूरत नहीं पड़ती। उससे बातचीत भी एक अलग स्तर पर हो जाती है। टिस्का इस मामले में बेहद संतुलित हैं। उन्होंने हमें बताया कि उन्हें क्या चाहिए और फिर हमें अपने तरीके से किरदार निभाने की आजादी दी।'

### दिव्येंदु बारीकियों पर काम करने वाले अभिनेता हैं



वहीं अभिनेता दिव्येंदु शर्मा के साथ काम करने के अनुभव साझा करते हुए राधिका ने कहा, 'सेट पर माहौल हमेशा हल्का रहता था और हम दोनों की आपस में अच्छी बनती थी। वह एक अच्छे अभिनेता हैं...बारीकियों पर काम करने वाले और क्रिएटिव। उन्हें काम करते देखना दिलचस्प रहता था। कई बार हम दोनों एक-दूसरे का सीन देखकर हंस देते थे। कुल मिलाकर उनके साथ काम करने का अनुभव सहज रहा।'

### ऐसा किरदार पहले नहीं निभाया

वहीं जब बात हुई किरदार की तो राधिका बोलीं, इस किरदार और मेरे पहले निभाए गए किरदारों में सबसे बड़ा फर्क यह है कि यह बहुत शांत और अंतर्मुखी है। वह ज्यादा बोलती नहीं है, अपने आप में रहती है। इस तरह का स्वभाव मैंने पहले किसी किरदार में नहीं निभाया था।'

## कॉमेडी एक अलग तरह की चुनौती है, सीखने के तौर पर मैंने किस-किस को प्यार करूं-2 की



हिंदी, तमिल और बंगाली फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री त्रिधा चौधरी की फिल्म किस-किस को प्यार करूं-2 शुक्रवार को रिलीज हो गई। इस बीच त्रिधा ने फिल्म से जुड़े अनुभव, अपने किरदार और कपिल शर्मा के बारे में खुलकर बात की है। अभिनेत्री त्रिधा चौधरी ने कहा कि मेरा मानना है कि एक्टर्स ऐसे रोल चुनते हैं जिनकी स्क्रिप्ट उन्हें ज्यादा मजबूत लगती है। मैंने आश्रम में बोल्ड और शातिर बबीता का किरदार निभाया था। उसके बाद टाइपकास्ट न किया जाए, इसके लिए हर तरह के किरदार निभाना चाहिए।
हालांकि सीरीज आश्रम के बाद मुझे बोल्ड रोल ही ऑफर हुए थे। उन्होंने ये भी कहा कि चाहे मैं किसी को मुक्का मारूं या किस करूं, दोनों ही एक्टिंग हैं।
फिल्म में अपने किरदार मीरा पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि कॉमेडी एक अलग तरह की चुनौती है। लोगों को लगता है कि यह करना आसान है, क्योंकि आपको बस दूसरों को हंसाना ही तो है, लेकिन यह बहुत मुश्किल है। ऐसे में सीन के दौरान टाइमिंग, घबराहट, इमोशन्स हर चीज को थामकर चलना पड़ता है। मैंने आज से पहले कभी कॉमेडी नहीं की, इसलिए मैं इसे अपने सीखने का तौर पर करूंगी।
फिल्म की स्क्रिप्ट को लेकर त्रिधा चौधरी ने कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट बहुत अच्छे से लिखी गई है। जब आप फिल्म देखेंगे, तो आपको समझ आएगा कि मीरा कितनी जरूरी है। कई लोगों ने मुझसे पूछा, तुम अकेली हीरोइन नहीं हो तो यह फिल्म क्यों? लेकिन अब समय बदल गया है। हीरोइनों की गिनती से ज्यादा किरदार मायने रखता है। उन्होंने आगे बताया कि मीरा का किरदार उनकी असल जिंदगी जैसा ही है। मीरा चुलबुली है और त्रिधा भी असल जिंदगी में बहुत जॉली और चुलबुली हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसे रोल का इंतजार कर रही थी जहां मैं अपना ड्रामा और एनर्जी दिखा सकूं। मुझे अक्सर सीरियस या कंट्रोल्ड रहने के लिए कहा जाता था, लेकिन मीरा ने मुझे एक्सप्रेसिव और बेफिक्र रहने का मौका दिया। किस-किस को प्यार करूं-2 मल्टी एक्ट्रेस वाली फिल्म है, जिसमें चार अभिनेत्रियां लीड रोल में हैं। ऐसे में सेट पर बाकी हीरोइंस के साथ अपने एक्सपीरियंस पर त्रिधा ने कहा कि सेट पर थोड़ा नर्वस फील होने लगता था। रिहर्सल बहुत मुश्किल थी और मैं सबके सपोर्ट के बिना यह नहीं कर पाती।

## एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार

### हिंदी वेबसीरीज की शूटिंग पूरी



लोकप्रिय टीवी एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया पहले ही छोटी सरदारनी सीरियल से छा चुकी हैं। उन्हें हाल ही में पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार में देखा गया है, जिसमें वे बब्बू मान और गुरु रंधावा के साथ देखी गई थीं, लेकिन अब अभिनेत्री ओटीटी पर भी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने हिंदी वेबसीरीज की शूटिंग भी पूरी कर ली है। अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया ने हाल ही में फिल्म के पर्दे के पीछे की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं, जिनमें संजय कपूर, शाहीर शेख, मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, हर्मन सिंघा और आशीमा वरदान जैसे सितारे नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे जल्द ही एक हिंदी वेबसीरीज में नजर आने वाली हैं, जिससे उनका ओटीटी डेब्यू होने जा रहा है। इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने खास बातचीत में बताया कि ये प्रोजेक्ट निमृत के अब तक के सबसे प्रॉमिसिंग प्रोजेक्ट्स में से एक है। पर्दे पर उनका किरदार अपनी भावनात्मक गहराई और बहुमुखी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने की ताकत रखता है। शूटिंग पूरी हो चुकी है। मुंबई और पंजाब में शूटिंग हुई है। हालांकि अभी रिलीज की तारीख और फिल्म से जुड़ी जानकारियों को गुप्त रखा गया है।
निमृत कौर अहलूवालिया को आखिरी बार फिल्म शौंकी सरदार में देखा गया, जो पर्दे पर 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म का निर्देशन धीरज केदारनाथ रतन ने किया है, जबकि फिल्म का निर्माण ईशान कपूर, शाह जंडियाली और धर्मेंद्र बताओली ने किया है। शौंकी सरदार में भरपूर एक्शन और कॉमेडी देखने को मिली। दर्शकों ने भी फिल्म को मिला-जुला रेस्पॉन्स दिया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औसत रही। इसके अलावा एक्ट्रेस म्यूजिक वीडियो भी कर चुकी हैं। टीवी में अपना करियर शुरू करने से पहले साल 2018 में निमृत कौर अहलूवालिया ने फेमिना मिस मणिपुर का खिताब जीता था, जिसके बाद उन्हें पहला ब्रेक बी प्राक के म्यूजिक वीडियो मस्तानी में मिला था। ये गाना सुपरहिट साबित हुआ, लेकिन एक्ट्रेस को खास पहचान नहीं मिली, लेकिन साल 2019 में वे छोटी सरदारनी सीरियल में बतौर लीड रोल में दिखीं। एक्ट्रेस ने टीवी के कई रियलिटी शोज में भी हिस्सा लिया। वे साल 2022 से 2023 तक बिग बॉस 16 में दिखीं और उसके बाद साल 2024 में रोहित शेट्टी के शो खतरों के खिलाड़ी 14 में नजर आईं।



## चाहता था कि लोग मुझे डांसर नहीं, एक्टर समझें

**अरशद वारसी ने बॉलिवुड की सेफ स्टोरीज, ओटीटी की आजादी, किरदार में उतरने के अपने तरीके और थिएटर के पुराने दिनों को ऐसे अंदाज में याद किया कि हर बात में उनका अनुभव, ह्यूमर और साफगोई चमक उठी। अरशद कहने से नहीं चूकते कि फेल होने से मत डरिए, मजा तो उसी सफर में है।**

### अपनी शक्ल भूलकर बस किरदार में घुसना है

अरशद वारसी ने कहा, मैंने जब सर्किट का रोल किया था, तब भी बहुत लोग टपोरी टाइप के किरदार कर चुके थे। इस वजह से हमेशा सोचना पड़ता है कि ऑडियंस को नया क्या दे सकते हैं। मेरे लिए यह जरूरी हो जाता है कि अपने काम में ताजगी और ईमानदारी लाऊं। फिल्म भागवत में भी मैंने एक पुलिसवाले की भूमिका निभाई है और इसमें मेरी ईमानदारी साफ दिखाई दे रही है। मेरा मानना है, जब आप दिल से काम करते हो तो वो खुद-ब-खुद अलग नजर आता है। अगर सिर्फ ऊपर-ऊपर से करोगे तो हर किसी का काम एक जैसा लगेगा। यहां आपको अपनी शक्ल, आदतें भूलकर बस किरदार में उतरना है। किरदार पर फोकस रखो, फिर लोग खुद-ब-खुद आपकी तरफ ध्यान देंगे।

### मराठी-साउथ की फिल्में बहुत आगे निकल चुकीं

मुझे नहीं लगता कि बॉलिवुड रिस्की स्टोरीज को स्वीकार करने वाली स्थिति तक अभी पहुंचा है। मराठी और साउथ की फिल्में इस मामले में आगे निकल चुकी हैं। वो एक्सपेरिमेंट कर रहे और रिस्क भी बेहिचक ले रहे हैं। हिंदी सिनेमा अब भी बहुत सेफ कहानियों के साथ खेल रहा और कदम फूंक-फूंककर रख रहा है। दरअसल, फिल्म बनाना एक अलग तरह का जोखिम है इसलिए कहानी चुनने में भी ज्यादा सावधानी बरती जाती है। यही वजह है कि मुझे ओटीटी एक कमाल का प्लैटफॉर्म लगता है। इसने इतने सारे टैलंटेड ऐक्टरों को मौके दिए हैं, जिन्हें पहले फिल्मों में जगह ही नहीं मिल पाती थी। फिल्मों में अक्सर एक खास लुक या बॉडी लैंग्वेज देखी जाती है, जो हर कलाकार में नहीं होती। ऐसे कलाकारों के लिए ओटीटी सच में एक ब्लेसिंग है, यहां कहानी भी खुलकर कही जाती है और कलाकार को भी खुलकर जगह मिलती है।

### पूरी सच्चाई से सीन को खुद में उतार लो

मैं जब कोई इमोशनल सीन करता हूं तो न मैकेनिकल मैथड अपनाता हूं और न अपनी असल ज़िंदगी की यादों को इस्तेमाल करता हूं। मेरे लिए यह सब बकवास है। लोग पूछते हैं कि मेरा तरीका क्या है, असल में मेरा कोई मैथड ही नहीं होता। आपको बस उस पल की बात को इतनी इंटेंसिटी से भीतर लेना होता है कि वह सच लगने लगे। एक्टिंग यही है कि एक छोटी सी चीज पर इतना यकीन कर लो कि वह आपको और देखने वाले को भी सच महसूस होने लगे। जिस सीन में जो लिखा है, उसे पूरी रूह के साथ अपने अंदर उतार लो, इमोशन अपने-आप बाहर आ जाते हैं।

### सफलता के अलावा असफलता भी भर-भरकर देखी

मैंने सफलता के अलावा असफलता भी भर-भरकर देखी। इंसान अगर सिर्फ सक्सेस देखे तो जिंदगी का मजा क्या है। जिंदगी में थोड़ी तकलीफ होनी चाहिए। मुझे फेल होने से जरा भी फर्क नहीं पड़ता है।

### लोग मेरी पहचान मेरे अभिनय से करें, ना कि सिर्फ मेरे डांस से

अरशद ने कहा, डांसिंग मेरा पैशन है। शुरुआत में जब आया था तो मैंने एक बात कही थी, जो लोगों को बहुत पसंद आई। मैंने कहा था कि मैं नहीं चाहता कि लोग मुझे ऐसे देखें कि ये डांसर है, जो ऐक्टिंग करने की कोशिश कर रहा है। मैं चाहता था कि लोग यह समझें कि ये एक्टर है, जो डांस भी कर सकता है। मैं एक्टिंग के प्रोफेशन में आ रहा था ना कि डांसिंग के प्रोफेशन में जा रहा था। यह बहुत बड़ा फर्क है। मेरी पूरी मेहनत इसी बात पर रही कि लोग मेरी पहचान मेरे अभिनय से करें, ना कि सिर्फ मेरे डांस से।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in